**सुविचार**
उस ज्ञान का कोई लाभ नहीं जो समाज के हित में ना हो।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Saturday, 22 July 2023 ● Year : 01 ● Issue : 186 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com




कंगना रनौत ने रणबीर कपूर और आलिया ...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 67,571.90 |
| निफ्टी | : | 19,979.15 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,715 |
| चांदी | : | 82.04 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

# ज्ञानबापी केस : वजूखाना को छोड़ बाकी हिस्से का होगा ASI सर्वे

## वाराणसी की अदालत का बड़ा फैसला, चार अगस्त रिपोर्ट सौंपने का दिया आदेश



**AGENCY BANARAS :** ज्ञानवापी मस्जिद मामले में वाराणसी कोर्ट ने अरकके सर्वे की इजाजत दे दी है। हिंदू पक्ष में इससे खुशी की लहर है। ज्ञानवापी मामले में 14 जुलाई (शुक्रवार) को सुनवाई पूरी हो गयी थी। इस मामले में जिला जज कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। अब शुक्रवार 21 जुलाई को कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने 4 अगस्त तक अरक को रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिये हैं। इस सर्वे में अरक की टीम पूरे परिसर का सर्वे करेगी। सिर्फ वजूखाने का क्षेत्र इसमें नहीं शामिल है। क्योंकि इसे कोर्ट के आदेश का बाद सील किया गया है।

हिंदू पक्ष की रेखा पाठक, मंजू व्यास, लक्ष्मी देवी और सीता साहू की तरफ से 16 मई को ज्ञानवापी का एएसआई से रडार तकनीक से सर्वे कराने का प्रार्थना पत्र दिया गया था। इसमें सील किए गए वजूखाना क्षेत्र को शामिल नहीं किया गया था। इस पर बीते 19 मई को अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने आपत्ति की थी। इसके बाद हिंदू पक्ष ने 22 मई को अपनी दलील रखी थी।

इसके बाद 12 जुलाई को हिंदू पक्ष ने प्रार्थना पत्र के निस्तारण के लिये प्रार्थना पत्र दिया। तब मसाजिद कमेटी ने आपत्ति के लिए समय मांगा और 14 जुलाई की डेट सुनवाई के लिए नियत की गई थी। शुक्रवार को मसाजिद कमेटी की तरफ से अधिवक्ता मुमताज अहमद, रईस अहमद और एखलाक अहमद ने दलीलें पेश की। वहीं हिंदू पक्ष की तरफ से अधिवक्ता सुधीर त्रिपाठी, सुभाष नंदन चतुर्वेदी, अनुपम द्विवेदी, प्रदेश सरकार की ओर से राजेश मिश्र और केंद्र सरकार की तरफ से अमित श्रीवास्तव ने दलील पेश की। सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला जिला जज ने सुरक्षित रख लिया था। उधर इस फैसले के बाद याचिकाकर्ता महिलाओं ने सर्वे की अनुमति का फैसला आने के बाद हर हर महादेव के नारे लगाये। महिलाओं ने कहा कि सर्वे कराने का फैसला मिलना हमारे में बहुत महत्वपूर्ण है। काशी विश्वनाथ ज्ञानवापी केस में 1991 में वाराणसी कोर्ट में पहला मुकदमा दाखिल हुआ था। इसमें ज्ञानवापी परिसर में पूजा की अनुमति मांगी गई थी। प्राचीन मूर्ति स्वयंभू भगवान विश्वेश्वर की ओर से सोमनाथ व्यास, रामरंग शर्मा और हरिहर पांडेय बतौर वादी हैं।

मुकदमा के कुछ महीने बाद सितंबर 1991 में केंद्र सरकार ने पूजा स्थल कानून बना दिया। ये कानून कहता है कि 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता। अगर कोई ऐसा करने की कोशिश करता है तो उसे एक से तीन साल तक की जेल और जुमार्ना हो सकता है।

अयोध्या का मामला उस वक्त कोर्ट में था, इसलिए उसे इस कानून से अलग रखा गया था। लेकिन ज्ञानवापी मामले में इसी कानून का हवाला देकर मस्जिद कमेटी ने याचिका को हाईकोर्ट में चुनौती दी। 1993 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्टे लगाकर यथास्थिति कायम रखने का आदेश दिया था। 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि किसी भी मामले में स्टे ऑर्डर की वैधता केवल छह महीने के लिए ही होगी। उसके बाद ऑर्डर प्रभावी नहीं रहेगा। इसी आदेश के बाद 2019 में वाराणसी कोर्ट में फिर से इस मामले में सुनवाई शुरू हुई।

2021 में वाराणसी की सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट से ज्ञानवापी मस्जिद के पुरातात्विक सर्वेक्षण की मंजूरी दे दी। आदेश में एक कमीशन नियुक्त किया गया और इस कमीशन को 6 और 7 मई को दोनों पक्षों की मौजूदगी में श्रृंगार गौरी की वीडियोग्राफी के आदेश दिए गए। 10 मई तक अदालत ने इसे लेकर पूरी जानकारी मांगी थी।

6 मई को पहले दिन का ही सर्वे हो पाया था, लेकिन 7 मई को मुस्लिम पक्ष ने इसका विरोध शुरू कर दिया। मामला कोर्ट पहुंच गया। 12 मई को मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने कमिश्नर को बदलने की मांग खारिज कर दी और 17 मई तक सर्वे का काम पूरा करवाकर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि जहां ताले लगे हैं, वहां ताला तुड़वा दीजिए। कोई बाधा पैदा करने की कोशिश करता है तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाए। लेकिन सर्वे का काम हर हालत में पूरा होना चाहिए।

### रांची के कारोबारी से 68 लाख ठगी करने वाला गिरफ्तार

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची के एक बड़े व्यवसायी से 68 लाख की ठगी करने वाले व्यक्ति को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार सुबह रांची पुलिस की टीम ने विशाल कुमार पांडे को दिल्ली पुलिस की सहयोग से गिरफ्तार किया है। विशाल कुमार पांडे के खिलाफ रांची के कारोबारी अजय कुमार सिंह ने पंडरा थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई थी।

दो दिन पहले ही विशाल पांडे ने चिराग पासवान के साथ अपनी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर डाली। इसमें उसने लिखा था कि वह दिल्ली में लोजपा ज्वाइन कर रहा है। तस्वीर को देखकर रांची पुलिस को यह जानकारी मिल गई कि विशाल दिल्ली में ही है, जिसके बाद रांची पुलिस की एक टीम दिल्ली के द्वारका पहुंची और वहां दिल्ली पुलिस की मदद से विशाल को गिरफ्तार किया।

पंडरा ओपी प्रभारी ने शुक्रवार को बताया कि यह मामला साल 2021 का है। रांची के व्यवसायी अजय सिंह से विशाल कुमार पांडे ने रेलवे में ठेके के नाम पर 68 लाख रुपये की ठगी कर ली थी।

**BRIEF NEWS**

### एक करोड़ के लूटकांड में छह आरोपित दोषी करार

**RANCHI :** अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने शुक्रवार को एक करोड़ रुपये लूट के मामले में छह आरोपितों को दोषी ठहराया है। साथ ही उन सभी की सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 24 जुलाई की तारीख निर्धारित की है। जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के ओबरिया रोड से 12 अप्रैल, 2021 को हुए एक करोड़ रुपये लूटकांड में अदालत ने डकैती एवं डकैती के बरामद पैसे के आरोप में अनमोल सिंघानिया, वसीम अहमद, नजमी हसन, मनोज कुमार भगत, जसीम अहमद एवं जुल्फेकार उर्फ राजा खान को दोषी पाया है। घटना के बाद महुआ कारोबारी शुभम अग्रवाल ने जगन्नाथपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की थी। लूट की घटना की साजिश कारोबारी शुभम अग्रवाल के दोस्त अनमोल सिंघानिया ने ही रची थी। लूट की घटना के बाद पुलिस ने अभियुक्तों के ठिकाने से लगभग 90 लाख रुपये बरामद किया था। तीन अभियुक्त को पुलिस ने घटना के पांचवें दिन गिरफ्तार की थी। दो को कुछ दिनों बाद। जबकि एक अभियुक्त राजा खान फरार हो गया था। पुलिस ने उसे 11 अक्टूबर, 2021 को गिरफ्तार की थी। मामले में सुनवाई के दौरान एपीपी परमानंद यादव ने अदालत के समक्ष ठोस साक्ष्य प्रस्तुत किया था।

### पलामू जिले में सरकारी स्कूल की चार छात्राएं आहर में डूबीं, शव बरामद

**PALAMU :** पलामू जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के सरजा गांव में सरकारी स्कूल की चार छात्राओं की आहर में डूबने से मौत हो गई। घटना गुरुवार शाम की है। सभी के शव देररात में पुलिस ने आहर से निकाल लिए। रामगढ़ के थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय का कहना है कि बरसात के कारण आहर में पानी अधिक था। चारों बच्चियां उसमें कैसे गिर गईं। इस बारे में पता लगाया जा रहा है। उन्होंने अर्चना कुमारी (7), छाया कुमारी (5), सलमी कुमारी (6) और आराधना कुमारी (8) की आहर में डूबने से मौत होने की पुष्टि की है। यह छात्राएं स्कूल ड्रेस में थीं। चारों उलदंडा से स्कूल पहुंची थीं।

### बोकारो में चोरी के आरोप में पांच गिरफ्तार

**BOKARO :** सिटी थाना क्षेत्र अंतर्गत दुंदीबाग में बंद आवास में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले पांच आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों के निशानदेही पर चोरी किए गए एंड्राइड फोन और सोने के लॉकेट भी बरामद किया गया है।

# रिम्स के दो गुटों में मारपीट खाली कराया गया हॉस्टल

## परीक्षा देने वाले कुछ छात्रों को मिली रहने की अनुमति

**PHOTON NEWS RANCHI :** रिम्स हॉस्टल में देर रात पार्टी करने और आपस में मारपीट करने की घटना के बाद रिम्स प्रबंधन ने छात्रों से हॉस्टल खाली करा लिया है। करीब 900 एमबीबीएस छात्रों से हॉस्टल खाली कराया गया है। प्रबंधन ने बुधवार की रात नोटिस जारी किया था। सप्लीमेंट्री परीक्षा देने वाले कुछ छात्रों को परीक्षा तक हॉस्टल में रहने की अनुमति मिली है। छात्रों से हॉस्टल के रूम की चाबी भी जमा करा ली गई है। प्रबंधन के आदेश के बाद एमबीबीएस के विभिन्न बैच के छात्र निर्णय को लेकर निदेशक का घेराव करने पहुंचे थे। इसके बाद भी प्रबंधन अपने आदेश पर अड़ा रहा। प्रबंधन ने कहा कि छात्रों के सुरक्षा को देखते हुए ही निर्णय लिया गया है। अब छात्रों को माता-पिता के साथ आने को कहा गया है। इसके बाद ही उन्हें हॉस्टल आवंटित किया जायेगा।

रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने शुक्रवार को बताया कि रिम्स के हॉस्टल परिसर में लगातार उपद्रव और छात्रों के बीच मारपीट की घटना हो रही है। कुछ अनहोनी न हो इसलिए प्रबंधन ने गहन चिंतन के बाद क्लासेस बंद किये गये हैं और हॉस्टल खाली कराया है। एहतियात के तौर पर ऐसा निर्णय लिया गया है। रिम्स जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने भी प्रबंधन के फैसले का समर्थन किया है। जेडीए के प्रेसिडेंट डॉ जयदीप चौधरी ने बताया कि दो बैचों 2021 और 2022 में झड़प हुई थी। झगड़े में दो सीनियर बैच 2019 और 2020 भी आ गये। इसी में और मामला बढ़ा, जिसके बाद कुछ छात्र उग्र होकर निदेशक आवास में भी घुस गये थे। सभी को एक-एक कर समझाना मुश्किल होता। ऐसे में कुछ दिन कक्षाएं सस्पेंड रखा जायेगा और हॉस्टल को खाली कराया गया है। प्रबंधन का निर्णय छात्रहित में है। इसलिए प्रबंधन के फैसले का समर्थन किया जा रहा है।

रिम्स प्रबंधन का कहना है कि स्टूडेंट्स लगातार मारपीट और देर रात पार्टी कर रिम्स की छवि को धूमिल कर रहे हैं। इस घटना के बाद कमेटी की आपात बैठक बुलायी गयी थी, जिसमें हॉस्टल

### प्रसूता को अनुदान देने के बहाने ठगे 45 हजार

**RANCHI :** एक प्रसूता को सरकारी प्रसव अनुदान देने की बात कहते हुए ठग ने प्रसूता के बैंक खाते से 44983 रुपया ठग लिये हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री पर आरोप लगाते हुए शुक्रवार को मामले की शिकायत थाने में की गई है। राठ थाने के धमना गांव निवासी हैप्पी सिंह ने थाना राठ में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसकी गर्भवती पत्नी के प्रसव समय नजदीक चल रहा है। प्रसव के पूर्व वह नियमित रूप से आंगनवाड़ी केंद्र पर टीकाकरण आदि कराती रही है। आज उसके मोबाइल पर फोन आया और फोनकर्ता ने उसे बताया कि आपके खाते में प्रसव अनुदान का रुपया आना है। हैप्पी ने इसके बारे में फोनकर्ता से पूछ-ताछ की। जब हैप्पी को विश्वास नहीं हुआ तो फोनकर्ता ने गांव की आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री रचना से कॉन्फ्रेंस पर उसकी बात कराई। तब हैप्पी को फोनकर्ता की बात पर विश्वास हो गया।

# एटीएस के हत्थे चढ़े अमन गिरोह के दो कुख्यात अपराधी

## दोनों के पास से पचास लाख रुपये भी किये गये बरामद



**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड एटीएस को गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव गिरोह के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। एटीएस ने शुक्रवार को अमन श्रीवास्तव गिरोह के दो अपराधियों एजाज और एम. सिंह को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से 50 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। अमन श्रीवास्तव गिरोह के दोनों अपराधी राजधानी के एक बड़े कारोबारी से रंगदारी के पैसे वसूल कर पतरातू जा रहे थे। इसी दौरान एटीएस ने उन्हें गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों अपराधियों ने एटीएस को बताया है कि उनके बॉस अमन श्रीवास्तव के कहने पर वे लोग रांची के एक बड़े कारोबारी से यह रकम रंगदारी के तौर पर वसूल कर रामगढ़ जा रहे थे। मामले में एटीएस की कार्रवाई अभी भी जारी है। इसकी पुष्टि एटीएस के एक वरीय अधिकारी ने की है। कुख्यात गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को झारखंड एटीएश ने 16 मई को मुंबई से गिरफ्तार किया था। गुप्त सूचना के आधार पर अमन श्रीवास्तव को उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह मुंबई से सूरत भागने की फिराक में था। उसके खिलाफ रांची, रामगढ़, लोहरदगा, हजारीबाग और लातेहार जिले के अलग-अलग थानों में दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज हैं। अमन श्रीवास्तव फिलहाल रांची जेल में बंद है।

बताया जाता है कि अमन श्रीवास्तव गिरफ्तारी से पहले वर्षों से अलग-अलग शहरों में पहचान छुपाकर रह रहा था। जांच में खुलासा हुआ कि अमन श्रीवास्तव किसी भी जगह एक दिन से ज्यादा नहीं रूकता था। वह सिम कार्ड की भी एक बार ही इस्तेमाल करता था, ताकि पुलिस को उसकी लोकेशन ना मिले। उसने रंगदारी वसूलने के लिए गिरोह में 14 खास लोगों को लगा रहा था जिनमें आधा दर्जन लड़कियां थीं।

# नालंदा जिले में पुलिस पर शराब माफिया का हमला

**AGENCY NALANDA :** बिहार में शराब माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। एक तरफ शराब माफिया तस्करी करने के लिए अलग-अलग तरीके अपना रहे हैं, तो दूसरी ओर शराबियों को पकड़ने जा रही पुलिस टीम पर शराब माफिया हमला करने से भी नहीं चूक रहे हैं। ताजा मामला नालंदा के गोमहर गांव का है। वहां शराबियों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर शराबियों ने हमला कर दिया है। इस हमले में जमादार विजय शंकर सिंह के घायल होने की सूचना है। साथ ही कई पुलिसवालों को चोटें लगी हैं। पुलिस इस मामले में छापेमारी कर रही है। अब तक किसी फरार आरोपित के गिरफ्तार होने की सूचना नहीं है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि नालंदा जिला के ओंगारी थाना क्षेत्र के बड़की गोमहर गांव में पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ शराबी शराब पीकर गांव में माहौल खराब कर रहे हैं।

### उम्रकैद की सजा काट रही महिला कैदी की इलाज के दौरान मौत

**RANCHI :** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में आजीवन कारावास की सजा काट रही महिला कैदी सीता कुमारी की रिम्स में इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई। वह सिमडेगा जिले के कुंदूरमुंडा गांव की रहने वाली थी। जेल में तबीयत खराब होने के बाद उसे इलाज के लिए 10 जुलाई को रिम्स में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। रिम्स के मेडिसिन विभाग के डॉ विद्यापति की देखरेख में सीता का इलाज चल रहा था।

# बक्सर में एक ही परिवार के चार बच्चे डुबे

## गंगा नदी में हादसा, तीन मृतकों में एक डुमरांव के पत्रकार का पुत्र

**AGENCY NALANDA :** सदर प्रखंड के कृतपुरा के समीप गंगा में स्नान करने के दौरान चार बच्चे डूब गए जिनमें से 3 की मौत हो गई। जबकि एक का इलाज अभी जारी है। बक्सर में एक ही परिवार के चार लोग गंगा में डूब गये। मौके पर मौजूद लोगों ने एक को बचा लिया, लेकिन तीन की गहरे पानी में चले जाने के कारण मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब श्राद्ध के दशकर्म संस्कार के बाद सभी लोग गंगा में स्नान कर रहे थे। घटना दानी कुटिया के पास स्थित गंगा घाट की है। परिवार की एक महिला की 10 दिन पहले मौत हो गयी थी और आज परिवार उसके श्राद्ध का दसकर्म के बाद गंगा घाट पहुंचे थे।

पारिपारिक सूत्रों का कहना है कि दशकर्म संस्कार के बाद सभी लोग गंगा में स्नान कर रहे थे। गंगा में डूबते एक शख्स को बचाने के दौरान एक के बाद तीन लोग डूब गये। इस हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतकों में डुमरांव के प्रभात खबर के संवाददाता मनोज मिश्रा का पुत्र भी शामिल है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार मिश्रा एवं मुफस्सिल थानाध्यक्ष राहुल कुमार पहुंच गये हैं और फिलहाल शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कृतपुरा के समीप लक्ष्मीपुर निवासी संजय मिश्रा की माता का शुक्रवार को दशकर्म था। इसी में शामिल होने के लिए संजय मिश्रा के बहनोई डुमरांव निवासी मनोज मिश्रा उर्फ बबलू मिश्रा अपने पत्नी और बच्चों के साथ पहुंचे हुए थे। उनके साथ-साथ संजय मिश्रा के एक और रिश्तेदार उत्तर प्रदेश के मुगलसराय के चुपेपुर गांव के निवासी धनंजय मिश्रा भी सपरिवार पहुंचे हुए थे।

## देशभर में 44 स्थानों पर आयोजित किया जायेगा रोजगार मेला, मोदी करेंगे संबोधित

# आज 70 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे पीएम



**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को सुबह 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 70,000 से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री इन व्यक्तियों को संबोधित भी करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि रोजगार मेला देशभर में 44 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इस पहल का समर्थन करने वाले केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों व केंद्रशासित प्रदेशों में भर्तियां हो रही हैं। देशभर से चुने गए नए कर्मचारी राजस्व विभाग, वित्तीय सेवा विभाग, डाक विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, जल संसाधन विभाग, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग और गृह मंत्रालय सहित सरकार के विभिन्न मंत्रालयों व विभागों में नियुक्त किये जाएंगे।

प्रधानमंत्री की रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में रोजगार मेला एक कदम है। आशा है कि रोजगार मेला भविष्य में रोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा और युवाओं को उनके सशक्तीकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। बयान के अनुसार नवनियुक्त व्यक्तियों को आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर एक ऑनलाइन मॉड्यूल ह्यकर्मयोगी प्रारंभह्न के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिल रहा है, जहां 580 से अधिक ई-लर्निंग पाठ्यक्रम 'एनीव्हेयर एनी डिवाइसह्न शिक्षण प्रारूप के लिए उपलब्ध कराए गए हैं।

# पलामू में दिनदहाड़े महिला से एक लाख 10 हजार की लूट

**PHOTON NEWS RANCHI :** मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के चर्च रोड में ग्रामीण बैंक की मुख्य शाखा से सटे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आवास के सामने शुक्रवार की दिनदहाड़े एक महिला से अज्ञात अपराधियों ने एक लाख 10 हजार रुपये की छिनैती कर ली।

महिला पंजाब नेशनल बैंक की बाजार शाखा से पैसे निकालने के बाद ग्रामीण बैंक आई थी और वहां से निकलकर डा. आरपी सिन्हा के अस्पताल की ओर जा रही थी। इसी क्रम में घटना को अंजाम दिया गया। सूचना मिलने पर शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभय कुमार सिन्हा, टीओपी वन के प्रभारी रेवाशंकर राणा, टीओपी टू के प्रभारी रूद्रानंद सरस, स.अ.नि. नबी अंसारी एवं जवान मौके पर पहुंचे और घटना की छानबीन शुरू की।

शहर थाना प्रभारी ने बताया कि रेलवे कॉलोनी की रहने वाली सबिता देवी ने बैंक से पैसे इलाज के लिए निकाली थी और चिकित्सक के पास जा रही थी। पीड़ित महिला का कहना है कि कुछ देर पहले से लुटेरे पास की दुकान में खड़े थे। फिर दोनों पैसे से भरा झोला लेकर भाग गए। उन्होंने बताया कि पीएनबी शाखा से लेकर ग्रामीण बैंक शाखा तक के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है।

# माले ने मणिपुर घटना पर PM और गृहमंत्री से मांगा इस्तीफा

## श्यामपुर बी कोलियरी में मणिपुर हिंसा में मारे गये लोगों को दी गई श्रद्धांजलि





**PHOTON NEWS NIRSA :** श्यामपुर बी कोलियरी में शुक्रवार 21 जुलाई को भापका माले ने एक बैठक आयोजित कर मणिपुर में हो रहे हिंसा की निंदा की। साथ ही हिंसा में मारे गए लोगो के लिए एक मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कि मणिपुर में दो आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड कराने के वीडियो ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है. घटना से पूरा देश शर्मशार है. पिछले कुछ महीनो से मणिपुर जल रहा हे, लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ-साथ देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने मौन धारण कर लिया है. कहा कि मणिपुर मामले में केंद्र सरकार और प्रदेश में भाजपा का मुख्यमंत्री पूरी तरह फेल हो गया है. प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को फौरन इस्तीफा दे देना चाहिए। बैठक में जगदीश शर्मा, बिपिन मंडल, संजीत राउत, संजय सिंह, शिव शंकर सिंह, सोहन गोप, मिहिर गोप, निवास परिंदा, कारण सतनामी, बल्लू गौर, देवा मांझी, संजीत विश्वकर्मा मीना देवी, उषा मोदी, महारानी, राजकुमारी, कल्याणी मोदी, रीना बाउरी लोग उपस्थित थे।

## सीपीआई ने मणिपुर घटना के विरोध में पीएम का पुतला फूंका



**RANCHI :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मणिपुर घटना के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। पार्टी ने प्रधानमंत्री से इस्तीफे और मणिपुर सरकार को बर्खास्त करने की मांग की। महेंद्र पाठक ने कहा कि मणिपुर की घटना ने देश को शर्मसार किया है. वहां पर महिलाओं को नंगे घुमाया जा रहा है, महिलाओं के साथ बदसलूकी की जा रही है, उनकी अस्मत लूटी जा रही है, मोदी की सरकार देश में सांप्रदायिक उन्माद फैलाने के लिए बेताब है. उनके लोग कभी लड़कियों को शर्मसार करते हैं। कहीं नंगे घुमाते हैं। कहीं आदिवासियों पर पेशाब करते हैं। इसी से अनुमान लगाया जा सकता है कि केंद्र सरकार किस तरह से लोगों को बांट कर राजनीति रोटी से सेंक रही है।

**मणिपुर जल रहा है। सरकार मस्त है। देश को किया शर्मसार**

जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि लगातार आदिवासियों को भाजपा की सरकार अपमानित कर रही है. मणिपुर में जिस तरह घटना घटी है. जिस तरह से उनका वीडियो वायरल हो रहा है. देश को शर्मसार किया। पहले भी भाजपा के कई बड़े नेताओं पर इस तरह के आरोप लगे हैं। सरकार उन्हें बचा रही है. इसीलिए केंद्र की सरकार मणिपुर मो दंगे को रोके। कार्यक्रम में झामुमो नेता जितेंद्र सिंह, धर्मवीर सिंह, मनोज ठाकुर, अमित कुमार , अनिरुद्ध कुमार, छुमु उरांव, श्यामल चक्रवर्ती, मनोज ठाकुर, अनिरुद्ध पाठक, सोनू कुमार आदि मौजूद थे।

## पीएम का बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ नारा खोखला : राजकुमार

**भाकपा माले ने गावां में मणिपुर के मुख्यमंत्री का फूंका पुतला**

**GIRIDIH :** मणिपुर में दो महिलाओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म व निर्वस्त्र कर रोड पर घुमाने की घटना के विरोध में भाकपा माले ने 21 जुलाई को गावां के पुराना पोस्ट ऑफिस के समीप मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह का पुतला दहन किया। पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि महिलाओं को निर्वस्त्र कर पैरेड कराए जाने का वीडियो वायरल होने से पूरा देश शर्मसार हुआ है. घटना के बाद वहां के मुख्यमंत्री का बेतुका बयान भी आग में घी डालने के समान है. उन्होंने मुख्यमंत्री को अविलंब बर्खास्त कर मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ ऐसी घटना पर केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी की चुप्पी से देश की महिलाओं में भारी आक्रोश है. प्रधानमंत्री मणिपुर पर 80 दिनों के बाद चुप्पी तोड़ते हुए संतों की तरह सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को कानून व्यवस्था बनाए रखने की सीख दे रहे है, जो केवल दिखावा है. केंद्रीय गृह मंत्री वहां के मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने की अनुशंसा की बजाय उनसे बातकर खानापूर्ति कर रहे हैं। पुतला दहन कार्यक्रम में भाकपा माले के प्रखंड सचिव नागेश्वर यादव, जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी, रंजीत राम, गांधी यादव, पंकज कुमार, अशोक यादव, लोहा सिंह, गणेश यादव, अखलेश यादव, संजय दास, सजंय यादव, चन्दन कुमार, महेश यादव, दिनेश्वर यादव, पप्पू यादव, लालो भुईयां, मनीष यादव आदि शामिल थे।



मणिपुर के मुख्यमंत्री का पुतला दहन करते भाकपा माले के कार्यकता • फोटोन न्यूज

## रांची- हावड़ा के बीच जल्द दौड़ेगी वंदे भारत एक्सप्रेस : रेल मंत्री

### रेल मंत्री से मिले सांसद संजय सेठ, 10 साल से अधिक समय से चल रही ट्रेनों के फेरे बढ़ाने का किया आग्रह

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची-हावड़ा रूट पर बहुत जल्द वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन दौड़ेगी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी रांची के सांसद संजय सेठ को दी है. शुक्रवार को सांसद ने दिल्ली में रेल मंत्री से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान सांसद ने रांची लोकसभा क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार, नई ट्रेनों के परिचालन और कई ट्रेनों के फेरे बढ़ाने का आग्रह किया। साथ ही रांची हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस पर चर्चा की। रेल मंत्री ने सांसद को बताया कि इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है और बहुत जल्द वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन रांची और हावड़ा के बीच आरंभ कर दिया जाएगा।



**रांची– बनारस के बीच भी वंदे भारत ट्रेन चलाने का आग्रह**

संजय सेठ ने रांची और बनारस के बीच भी वंदे भारत ट्रेन का परिचालन करने का आग्रह किया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से कहा कि बनारस देश की सांस्कृतिक राजधानी है और बड़ा व्यवसायिक केंद्र भी है। झारखंड से प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग बनारस आवागमन करते हैं, लेकिन ट्रेन सेवा नहीं होने के कारण कई बार लोगों को समस्याएं होती है। वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन रांची और बनारस के संबंधों को भी मजबूत करेगा। व्यावसायिक दृष्टिकोण से भी दोनों शहर लाभान्वित होंगे।

**ट्रेनों का फेरा बढ़ाया जाए**

इसके अलावा पिछले 10 वर्षों से चलने वाली साप्ताहिक और विभिन्न ट्रेनों के फेरों को बढ़ाए जाने का आग्रह भी सांसद संजय सेठ ने केंद्रीय रेल मंत्री से की। सांसद ने रेल मंत्री को बताया कि ऐसी कई ट्रेनें हैं, जो रांची से चेन्नई, बेंगलुरु, एनार्कुलम, वेल्लोर, पुणे, मुंबई जैसे शहरों को जाती हैं। इन ट्रेनों का परिचालन 10 वर्ष से अधिक समय से होता रहा है. इन 10 वर्षों में आबादी भी बढ़ी है और लोगों की यात्राएं भी बढ़ी है। ऐसे में यह आवश्यक है कि इन ट्रेनों का फेरा बढ़ाया जाए ताकि लोगों की यात्रा और सुगम हो सके। सांसद ने जिन ट्रेनों के फेरे बढ़ाए जाने का आग्रह किया है, उनमें हटिया रेलवे स्टेशन से हटिया बेंगलुरु के लिए ट्रेन संख्या 12835/ 12836 और 18637/18638, हटिया से मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनल के लिए ट्रेन संख्या 12812/12811, रांची से मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनल के लिए ट्रेन संख्या 18609/18610, हटिया से पुणे के लिए ट्रेन संख्या 22846/22845, धरती आबा एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 22837/22838 शामिल हैं।

## मॉनसून सत्र में मुख्यमंत्री के विभाग से जुड़े सवालों के जवाब देंगे 7 मंत्री



**PHOTON NWES RANCHI:** 28 जुलाई से झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र शुरू हो रहा है। इस दौरान विधानसभा में आने वाले मुख्यमंत्री के विभागों से जुड़े सवालों के जवाब देने की जिम्मेदारी 7 मंत्रियों को दी गई है। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने अधिसूचना जारी की है।

**किसी मंत्री को किस विभाग की जिम्मेदारी दी गई है**

| मंत्री | विभाग |
|---|---|
| आलमगीर आलम | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग,कार्मिक विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग, संसदीय काय विभाग, विधि विभाग |
| चम्पई सोरेन | वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग |
| जोबा मांझी् | राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग (निबंधन को छोड़कर), सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस |
| बादल पत्रलेख | खान एवं भूतत्व, पथ निर्माण, भवन निर्माण विभाग |
| मिथलेश ठाकुर | जल संसाधन विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, उद्योग विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग |
| सत्यानंद भोक्ता | नगर विकास एवं आवास विभाग |
| बन्ना गुप्ता | ऊर्जा विभाग |

## झारखंड मुक्ति मोर्चा ने हजारीबाग जिला समिति को किया भंग

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की केंद्रीय समिति ने हजारीबाग जिला समिति सहित सभी स्तर की समितियों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। साथ ही सात सदस्यीय हजारीबाग जिला संयोजक मंडली का गठन किया गया है। इनमें संजीव बेदिया (मुख्य संयोजक), कमल नयन सिंह, टेको चंद महतो, सोना राम मांझी, राम किशोर मुर्मू, इजहार अंसारी और नीलकंठ महतो शामिल हैं। झामुमो के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडेय ने शुक्रवार को बताया कि नवगठित जिला संयोजक मंडली को कई निर्देश दिए गए है। उन्होंने बताया कि पत्र प्राप्ति की तिथि से 30 दिनों के अन्दर प्रखण्ड समितियों एवं पंचायत समितियों का गठन करते हुए उसकी विस्तृत सूची केन्द्रीय कार्यालय को प्रेषित करने को कहा गया है ताकि जिला समिति का पूर्ण गठन किया जा सके।





## झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा ने कोडरमा में रैली निकाल किया प्रदर्शन

**PHOTON NEWS KODERMA:** झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के बैनर तले मोर्चा से जुड़े लोगों ने शुक्रवार को समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन किया और 10 सूत्री मांगों को लेकर डीसी को ज्ञापन सौपा। इसके पहले काफी संख्या में महिला और पुरुष जुलूस की शक्ल में मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए समाहरणालय पहुंचे। इस दौरान जुलूस में महिलाएं पारंपरिक हथियार के साथ शामिल हुई। समाहरणालय पहुंचने पर जुलूस में शामिल सभी लोगों ने एक साथ उपायुक्त कोडरमा से मिलकर अपनी मांग पत्र सौंपने का प्रयास किया लेकिन समाहरणालय के मुख्य गेट को कोडरमा पुलिस ने बंद कर भीड़ को बाहर ही रोक दिया और झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के पांच प्रतिनिधियों को उपायुक्त से मिलने की अनुमति दी।

## दशरथ चंद्र को राजस्व पर्षद के सचिव का अतिरिक्त प्रभार





**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (भाप्रसे) के अधिकारी विशेष सचिव भू राजस्व विभाग दशरथ चंद्र दास को अपने कार्यों के अलावा राजस्व परिषद के सचिव के पद का अतिरिक्त प्रभार दिया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

## सीएम आज करेंगे फ्री कौशल प्रशिक्षण और रोजगार प्रोत्साहन-परिवहन भत्ता का शुभारंभ

**PHOTON NWES RANCHI:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पार्टी के घोषणा पत्र के अनुरूप 22 जुलाई को मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत बिरसा रोजगार प्रोत्साहन भत्ता एवं परिवहन भत्ता योजना का शुभारंभ करेंगे. इसके साथ ही राज्य के प्रतिभाशाली युवाओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण देने की योजना की शुरूआत करेंगे। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम एवं श्रम नियोजन, कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम आर्यभट्ट सभागार में होगा।

**यह है योजना का उद्देश्य**

राज्य के प्रतिभाशाली युवाओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ना इस योजना का मुख्य लक्ष्य है. ताकि राज्य के युवा अपने अंदर छुपी प्रतिभा को निखार स्वावलंबन का मार्ग पा सकें। यह बिरसा केंद्र (Block Level Institute for Rural Skill Acquisition) के माध्यम से प्रशस्त किया जाएगा। प्रथम चरण (2023- 24) में राज्य के 80 प्रखंडों में योजना का शुभारंभ होगा। आने वाले दिनों में राज्य के सभी प्रखंडों में बिरसा योजना चलायी जायेगी।

**योजना के मुख्य बिंदु**

युवाओं के लिए शुरू हो रहे मुख्यमंत्री सारथी योजना का लाभ सभी वर्ग के युवा निःशुल्क ले सकेंगे। सामान्य श्रेणी के 18-35 वर्ष के युवक-युवतियों एवं आरक्षित श्रेणी एसटी, एससी और ओबीसी के 50 वर्ष तक के पुरुष-महिलाओं के लिए प्रखंड स्तर पर कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद सफल युवक-युवतियों को तीन माह के अंदर नियोजन नहीं होने की स्थिति में रोजगार प्रोत्साहन भत्ता के रूप में युवकों को 1000 रुपये और युवतियों, दिव्यांग, परलैंगिक को प्रतिमाह 1500 रुपये अधिकतम एक वर्ष के लिए डीबीटी के माध्यम से दिये जायेंगे। गैरआवासीय प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों को उनके घर से प्रशिक्षण केंद्र तक आने-जाने के लिये प्रतिमाह 100 रुपये डीबीटी के माध्यम से भेजा जाएगा।

### राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों से चयनित दिव्यांग खिलाड़ियों को पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में प्रदर्शन करने का मिला मौका

## पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों ने की CM से मुलाकात, मिली बधाई

**PHOTON NWES RANCHI:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मलेशिया में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में चयनित झारखंड के सात दिव्यांग खिलाड़ियों ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत ही खुशी की बात है कि हमारे राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों से चयनित दिव्यांग खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में प्रदर्शन करने का मौका मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि मलेशिया में आयोजित इस प्रतियोगिता में झारखंड से चयनित इन सभी खिलाड़ियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने यहां के खिलाड़ियों के विकास के लिए एक बेहतर खेल नीति बनाई है। इस नई खेल नीति का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को अधिक से अधिक मदद पहुंचाकर उन्हें अंतरराष्ट्रीय फलक पर पहचान देना है।



जगरनाथ महतो का हालचाल लेते मुख्यमंत्री • फोटोन न्यूज

**राज्य सरकार आपके साथ सदैव खड़ी है**

इस अवसर पर मुलाकात करने पहुंचे पैरा थ्रो बॉल खिलाड़ी प्रतिमा तिर्की, अनीता तिर्की, तारामणि लकड़ा, असुंता टोप्पो, महिमा उरांव, जयश्री, सनोज महतो एवं कोच मुकेश कंचन से मुख्यमंत्री ने व्यक्तिगत परिचय लिया। मुख्यमंत्री ने चयनित खिलाड़ियों से कहा कि राज्य सरकार की ओर से आप सभी को हर संभव मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप प्रतियोगिता में अपना शत-प्रतिशत दें, राज्य सरकार आपके साथ सदैव खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपको आने वाले दिनों में कोई भी समस्या हो तो राज्य सरकार के साथ अवश्य समन्वय बनाएं, नई खेल नीति के तहत आपकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पैरा थ्रो बॉल एसोसिएशन झारखंड की सचिव सरिता सिन्हा एवं सोदाग पंचायत के मुखिया पतरस तिर्की उपस्थित थे।

## BRIEF NEWS

### योग वाणी सेमिनार 23 को, राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि



**RANCHI:** रांची स्थित आईएमए सभागार में 23 जुलाई को योग वाणी सेमिनार का आयोजन किया जायेगा, जिसमें झारखंड के चिकित्सक और योग जिज्ञासु हिस्सा लेंगे। सेमिनार सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक दो सत्रों में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शामिल होंगे। इंडियन योग एसोसिएशन झारखंड राज्य समिति के नेतृत्व में रांची की मेडिकल एसोसिएशन, झारखंड न्यूरोसाइंस सोसाइटी और रॉकफील्ड हेल्थ केयर इसका आयोजन कर रहे हैं। योग वाणी सेमिनार में वीवाईएसए विश्वविद्यालय के कुलपति तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग सलाहकार पद्मश्री डॉ. एचआर नागेंद्र और केवल्य धाम लोनावाला के अकादमिक व ट्रेनिंग अध्यक्ष डॉ. एन. गणेश राव तनाव योग के बारे में जानकारी देंगे। इस कार्यक्रम में फिजीसीयन डॉ. पीएन सिंह, आईएमए के सचिव डॉ. पंकज बोदरा, आईएमए रांची के अध्यक्ष डॉ. शेखर चौधरी काजल, सर्जन डॉ. रमेश दास, मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ. अनुज कुमार के अलावा कई प्रसिद्ध चिकित्सक उपस्थित रहेंगे।

### आदिवासी संगठनों ने दी भारत बंद की चेतावनी



**RANCHI:** झारखंड के आदिवासी संगठनों ने मणिपुर की घटना को लेकर भारत बंद की चेतावनी दी है. शुक्रवार को मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने, मारपीट और दुष्कर्म के विरोध में आक्रोश रैली निकाली गयी। आदिवासी जनपरिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि बीजेपी के शासन काल में आदिवासी सुरक्षित नहीं है. आदिवासी समाज पर अत्याचार बढ़ रहा है. आदिवासी समाज पर हो रहा हमला नहीं रोका गया, तो भारत बंद आह्वान कर सड़क पर उतरेंगे। इससे पहले जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में सैकड़ों की संख्या में आदिवासी संगठनों के लोग जुटे। फिर आक्रोश मार्च करते हुए अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रधानमंत्री मोदी और मणिपुर के सीएम बिरेन सिंह का पुतला जलाया। आदिवासी समन्वय समिति के संयोजक लक्ष्मी नारायण मुंडा ने कहा कि मणिपुर हिंसा घृणित राजनीति की महत्वाकांक्षा है. क्योंकि मैतेई समुदाय का वोट बैंक पक्का करने के लिए उन्हें लड़ाया गया है. केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ हुई अमानवीय घटना से पूरे देश को शर्मशार होना पड़ा है. यह इंसानियत को शर्मसार करनी वाली घटना है. देश के लिए काला अध्याय है. केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि बीजेपी सरकार में आदिवासी समाज के साथ शोषण बढ़ा है. हर दिन आदिवासी समाज के साथ अत्याचार हो रहा है। सरकार मणिपुर में शांति बहाल करे। दंगा करने वाले को फांसी देना चाहिए। जिस राज्य में बीजेपी है, वहां आदिवासी सुरक्षित नहीं हैं। मौके पर संदीप तिर्की, एवलिन लकड़ा, हलधर चंदन पाहन, झरिया उरांव समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

### भाजपा का भ्रष्टाचार के प्रति रवैया ना बदला है ना बदलेगा : प्रतुल शाहदेव

**RANCHI:** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने शुक्रवार को कहा कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विपक्षी आईएनडीआईए गठबंधन पूरे तरीके से एक्सपोज है। ऐसा प्रतीत होता है कि लूट और खसोट के हमाम में सारे लोग नंगे हैं। प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जानना चाहा कि वह एक भी किसी दूसरे दल के नेता का नाम बताएं जो एनडीए गठबंधन में आया हो या जो भाजपा में शामिल हुआ हो, जिसके ऊपर पहले से चल रहा कोई भी मामला वापस हुआ हो। उन्होंने कहा कि भाजपा मूल्य और सिद्धांत की राजनीति करती है।

BRIEF NEWS

## चारा घोटाला मामले में सीबीआई कोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला 28 को

**RANCHI :** चारा घोटाला से जुड़े एक और बड़े मामले आरसी 48 ए/96 में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने दोनों ओर से बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामले में अदालत ने फैसले की तिथि 28 अगस्त निर्धारित की है। यह मामला डोरंडा कोषागार से वर्ष 1990 से 1995 की अवधि में फर्जी आवंटन पत्र के आधार पर लगभग 36 करोड़ की सरकारी राशि की अवैध तरीके से निकासी किए जाने से संबंधित है। इस मामले में तत्कालीन आपूर्तिकर्ता एवं पूर्व विधायक गुलशन लाल अजमानी सहित 125 आरोपइथ फिलहाल ट्रायल फेस कर रहे हैं। ट्रायल के दौरान 62 आरोपितों का निधन हो चुका है। सीबीआई के वकील रविशंकर ने इस मामले में कुल 616 गवाहों का बयान दर्ज कराया है। मामले में सीबीआई ने कुल 192 आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया था।

## आतंकी फैजान अंसारी एनआईए के सात दिनों की रिमांड पर

**RANCHI :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड के लोहरदगा से गिरफ्तार आईएसआईएस के आतंकी फैजान अंसारी को पूछताछ के लिए सात दिनों के रिमांड पर लिया है। एनआईए ने शुक्रवार को एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत से पूछताछ के लिए सात दिनों की रिमांड मांगी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सात दिनों की रिमांड की मंजूरी दे दी। रिमांड की अवधि शनिवार से शुरू होगी। इससे पूर्व एनआईए के कोर्ट में गुरुवार को फैजान को पेश किया गया था, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा जेल भेज दिया गया था। उल्लेखनीय है कि एनआईए ने फैजान को 19 जुलाई को लोहरदगा जिले के सदर थाना क्षेत्र स्थित न्यू रोड मिल्लत कॉलोनी से गिरफ्तार किया था। इस पर डार्क नेट या डार्क वेब के जरिये आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) से जुड़े होने का आरोप है। गिरफ्तारी से पूर्व 16 और 17 जुलाई को फैजान के लोहरदगा शहरी क्षेत्र के न्यू रोड मिल्लत कॉलोनी स्थित घर और अलीगढ़ में किराये के मकान की एनआइए ने तलाशी लीथी। दोनों जगहों से इलेक्ट्रानिक उपकरण लैपटॉप, मोबाइल आदि के अलावा मिल्लत कॉलोनी से किया आपत्तिजनक सामग्री एवं दस्तावेज जब्त किये गये थे। फैजान अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवसिटी में इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष का छात्र है। उसने रांची के संत जेवियर कॉलेज से इंटरमीडिएट और लोहरदगा से मैट्रिक की पढ़ाई की है।

## राज्य पोषण मिशन की प्रगति में सुधार लाने के निर्देश

**RANCHI :** राज्य पोषण मिशन की महानिदेशक राजेश्वरी बी ने जिलों में राज्य पोषण मिशन की प्रगति में सुधार लाने के लिए निर्देश दिया। उन्होंने शुक्रवार को पोषण मिशन पर समर अभियान की समीक्षा की तकनीकी प्रशिक्षण का दो दिवसीय कार्यशाला प्रोजेक्ट भवन सभागार में हुआ। इसमें समर अभियान कार्यक्रम में नामांकित बच्चे, अति गंभीर कुपोषण श्रेणी से ठीक हुए बच्चे विषय पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। कार्यक्रम में पांच जिला चतरा, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, साहेबगंज और लातेहार के जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका व समर अभियान के क्षेत्रीय प्रबंधक को समुदाय स्तर पर अति गंभीर कुपोषण के उपचार, संचार रणनीति, पोषण ट्रेकर आदि पर प्रशिक्षण दिया गया।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# जिस दस्तावेज से ऑडिट हुआ उसके सर्च एंड सीजर के लिए संबंधित कोर्ट में दें आवेदन : HC

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में शुक्रवार को जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन में हुई गड़बड़ी मामले में दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई हुई। खंडपीठ के समक्ष मामले के अनुसंधानकर्ता (आईओ) सशरीर उपस्थित हुए।




कोर्ट ने आदेश दिया की इस दस्तावेज के आधार पर ऑडिट किया गया है उसे खोजा जाए। इसके लिए अनुसंधानकर्ता निचली अदालत में सर्च एंड वारंट के लिए आवेदन दें। कोट से अनुमति मिलने के बाद दस्तावेज खोजा जाए। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया जिस दस्तावेज के आधार पर वर्ष 2016 से 2019 का जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन का ऑडिट हुआ है उसका मूल दस्तावेज एवं रजिस्टर नहीं मिल रहा है। यह दस्तावेज चार्टर्ड अकाउंटेंट अंजलि जैन एवं एसोसिएट के द्वारा रिसीव किया गया था लेकिन अब वह नहीं मिल पा रहा है। कोर्ट ने मामले में तीन लोगों के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 41ए के तहत नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है।

पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मौखिक कहा था कि एफआईआर दर्ज होने के बाद अबतक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई। साथ ही मामले के अनुसंधानकर्ता को कोर्ट में सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की।

पूर्व की सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया था कि मामले में एफआईआर दर्ज हो चुका है। इस पर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता द्वारा कोर्ट को बताया गया था कि एफआईआर होने के बावजूद भी अभी तक जांच नहीं हो रही है।

## हाई कोर्ट को राज्य सरकार ने बताया, 162 भू-माफियाओं के खिलाफ 190 केस दर्ज

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट में राज्य सरकार ने बताया कि 162 भू-माफियाओं के खिलाफ 190 केस दर्ज किये गये हैं। भू-माफियाओं द्वारा सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस स्वर्गीय एमवाई इकबाल की जमीन पर बने बाउंड्रीवाल को तोड़े जाने के मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई के दौरान शुक्रवार को राज्य सरकार की ओर से हा कोर्ट को यह जानकारी दी गयी। मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता प्रत्युष चित्रेश ने कोर्ट को रांची शहर की पेट्रोलिंग प्लान की जानकारी दी।

कोर्ट को बताया गया कि शहर में 30 पीसीआर वैन 62 टाइगर मोबाइल, 15 हाई पेट्रोलिंग वाहन, 18 शक्ति कमांडो आदि सुरक्षा की व्यवस्था में लगाये गये हैं। पेट्रोलिंग पार्टी की मॉनिटरिंग भी की जा रही है। साथ ही जगह-जगह पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पूरी रात नाइट पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है। पूरी रांची में 17 जगहों पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग को लेकर बैरिकेडिंग की गयी है।

रांची जिले में 646 सीसीटीवी लगे हैं जबकि 536 स्मार्ट सीसीटीवी भी लगाये गये हैं। ट्रैफिक पुलिस सेल को 118 कॉलर कैमरा मुहैया कराया गया है, जिसमें एचडी कैमरा एवं ऑडियो विजुअल सुविधाएं सुविधा उपलब्ध करायी गयी हैं। सुरक्षा के मद्देनजर रांची जिले में 30 पीसीआर वैन, 62 टाइगर मोबाइल, 15 हाई पेट्रोलिंग वाहन, 18 शक्ति कमांडो तैनात रहते हैं।

कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 23 अगस्त निर्धारित करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई में क्राइम रिपोर्टिंग डाटा प्रस्तुत किया जाये। साथ ही सेक्सुअल ऑफेंस की घटनाओं के बारे में भी जानकारी देने को कहा है। मामले में रांची एसएसपी एवं गृह सचिव की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया।

उल्लेखनीय है कि 25 जून को चर्च रोड के विक्रांत चौक (डॉक्टर फतेहउल्लाह रोड) के सामने स्थित सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस स्वर्गीय एमवाई इकबाल की जमीन पर बनी बाउंड्री वॉल को भूमाफियाओं ने तोड़ दिया। वहां तैनात गार्डों ने बाद में भू-माफियाओं ने खदेड़ दिया।

## एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने किया विरोध-प्रदर्शन एबीवीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया पुतला दहन

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची विश्विद्यालय के मुख्य द्वार पर एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी की उपस्थिति में शुक्रवार को कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए एबीवीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुतला दहन किया। जोधपुर में 16 जुलाई को एबीवीपी कार्यकर्ताओं के नाबालिक के साथ गैंगरेप किया गया था उसी को लेकर विरोध प्रदर्शन एवम एबीवीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.राजशरण शाही का पुतला दहन किया गया।




विरोध-प्रदर्शन करते एनएसयूआई के कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी जी ने कहा जब से भाजपा सत्ता में है छात्राएं एवं महिलाओं के साथ दुष्कर्म का मामला बढ़ गया है गुनहगारों के सर पर भाजपा का हाथ सम्मान करते हैं दरिंदगी करने वाले ऐसे गुनहगारों को फांसी की सजा होनी चाहिए। जिलाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा की छात्र हितैषी होने का ढोंग करने वाली अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का असली चेहरा सामने आ गया है, हर बार शिक्षा के मंदिर को कलंकित करने का काम करने वाले छात्र संगठन के छात्र नेताओं ने नाबालिग के साथ बलात्कार कर छात्राओं में डर भय का माहौल बना दिया है।

## हाई कोर्ट ने भाजपा नेता अभय सिंह समेत अन्य को दी जमानत

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एसएन प्रसाद और जस्टिस सुभाष चंद की खंडपीठ में शुक्रवार को जमशेदपुर में दंगा भड़काने के आरोपित भाजपा नेता अभय सिंह और अन्य की जमानत याचिका पर फैसला सुना दिया है। अदालत ने अभय सिंह के साथ 30 से ज्यादा आरोपितों को जमानत की सुविधा प्रदान की है, जिसके बाद अब वह अदालत द्वारा जमानत के लिए दी गई शर्तों का पालन करने के बाद जेल से बाहर आ सकते हैं।

इस केस से जुड़े सभी पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने 12 जुलाई को अपना फैसला सुरक्षित रखा था।अभय सिंह की ओर से हाई कोर्ट के वरीय अधिवक्ता आर एस मजूमदार और रोहन मजूमदार ने बहस की।राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता भोलानाथ ओझा ने बहस की। सरकार की ओर से की गई बहस में अदालत को बताया गया था कि केस डायरी में अभय सिंह पर दंगा भड़काने की साजिश में शामिल होने की बात सामने आयी है। निचली अदालत से जमानत नहीं मिलने के बाद अभय सिंह ने हाई कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है।

## स्वर्णरेखा व हरमू नदी बचाने आगे आई गंगा महासभा, डीसी को सौंपा ज्ञापन

### कुछ नदियां हो रही विलुप्त, कई ले रहीं नाले का रूप

**PHOTON NEWS RANCHI :** गंगा महासभा बिहार-झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष धर्म चंद्र पोद्दार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को उपायुक्त रांची से मिलकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि स्वर्णरेखा नदी एवं हरमू नदी को बचाया जाए। इन नदियों में कई गंदे नाले गिर रहे हैं। स्थानीय नगर निकाय को चाहिए कि वह एसटीपी प्लांट लगाए। बाढ़ क्षेत्र की सारी भूमि नदी की होती है। नदी की भूमि पर अतिक्रमण कर बहुत सारे निर्माण कार्य किए जा चुके हैं। जिससे नदी नाले के रूप में या विलुप्त होने के कगार पर आ गई है। नदी की भूमि नदी की ही रहनी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में श्री पोद्दार के साथ राष्ट्रीय मंत्री नवीन तिवारी, शिव शंकर साबू, दीपेश निराला एवं विजय केडिया आदि थे।



उपायुक्त से मुलाकात करते धर्मचंद्र पोद्दार व अन्य। ● फोटोन न्यूज

**सभ्यता को बचाना है तो नदियों को बचाना होगा :** शुक्रवार को ही गंगा सेवकों (नदी प्रेमियों) की एक बैठक भी संध्या काल में रांची स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर (माहेश्वरी भवन के सामने) में प्रदेश अध्यक्ष धर्म चंद्र पोद्दार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें संस्था के राष्ट्रीय मंत्री नवीन तिवारी जी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। नवीन तिवारी ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाना चाहिए जिससे कि नदियों की सुरक्षा पर ध्यान दिया जा सके।

अध्यक्ष धर्म चंद्र पोद्दार ने कहा कि वर्तमान समय में देखा जा रहा है कि प्रकृति अपना रौद्र रूप दिखा रही है। इन सब का कारण है नदियों के साथ छेड़छाड़। अगर सभ्यता को बचाना है तो नदियों को बचाना होगा। बैठक में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। धन्यवाद ज्ञापन दीपेश निराला के द्वारा दिया गया।

ये थे मौजूद : बैठक में श्री पोद्दार के अलावे राष्ट्रीय मंत्री नवीन तिवारी, शिव शंकर साबू, दीपेश निराला, विजय केडिया, ललित कुमार, प्रशांत कुमार सिंह, भरत कुमार बगड़िया, नरेंद्र कुमार लाखोटिया एवं बिमल पोद्दार आदि सम्मिलित थे।

## राज्य में बढ़ते अपराध पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को किया तलब, कहा- अपराध पर लगाम लगायें, नहीं तो होगी कार्रवाई

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्य में बिगड़ती विधि-व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य के वरीय पुलिस पदाधिकारियों को तलब किया। उन्होंने राज्य के भीतर हो रही छोटी-बड़ी आपराधिक घटनाओं को लेकर कड़ी नाराजगी जतायी। कहा कि अगले 15 दिन के अंदर राज्य में विधि-व्यवस्था संधारण की स्थिति में और अपनी कार्यशैली में सुधार करते हुए आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगायें। अन्यता कार्रवाई के लिए तैयार रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में अपराधियों ने विधि व्यवस्था को धत्ता बताते हुए कई जघन्य अपराध को अंजाम देने का काम किया है। किसी भी हाल में ऐसे अपराध स्वीकार नहीं हैं। वर्तमान समय में हो रही आपराधिक घटनाएं राज्य के लिए चिंता का विषय हैं। आपराधिक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इस निमित्त पुलिस बिना किसी दबाव के अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित करे। मौके पर राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह, एडीजी ऑपरेशन संजय आनंद राव लाटकर, आइजी ऑपरेशन अमोल वेणुकांत होमकर, एसपी एटीएस सुरेंद्र झा सहित अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।



पुलिस अधिकारियों संग बैठक करते मुख्यमंत्री। ● फोटोन न्यूज

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डीजीपी अजय कुमार सिंह को साफ लहजे में कहा कि आपको अपराध पर नियंत्रण के लिए मेरे द्वारा खुली छूट दी हुई है, इसके बावजूद अपराध नियंत्रण पर सफलता क्यों नहीं मिल रही है? मौके पर मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के वरीय अधिकारियों से वर्तमान समय में राज्य के भीतर हो रही आपराधिक घटनाओं एवं अपराध नियंत्रण के लिए कानून व्यवस्था की स्थिति की पूरी जानकारी ली और अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस अधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिये।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में राज्य के अंदर अपराध के चेहरे हर दिन बदल रहे हैं। नये-नये अपराध को अंजाम दिया जा रहा है। कई अपराध सुनियोजित तरीके से किये जा रहे हैं। कुछ लोग राज्य सरकार की छवि को धूमिल करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। पुलिस विभाग राज्य में सुनियोजित आपराधिक गतिविधियों एवं नये-नये अपराधों पर शिकंजा क्यों नहीं कस पा रही है, इस पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जतायी साथ ही मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को सूचना तंत्र को मजबूत करने का कड़ा निर्देश दिया।

बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि राज्य में विधि व्यवस्था का संधारण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध नियंत्रण में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जानी चाहिए, कोताही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस प्रशासन के समक्ष नयी-नयी चुनौतियां आ रही हैं। पुलिस विभाग इन चुनौतियों से निपटने में किसी तरह की लापरवाही न बरतें, अपराधी कितना भी बड़ा क्यों न हो, अपराधियों पर किसी भी बड़े समूह का आश्रय क्यों न प्राप्त हुआ हो, पुलिस बिना किसी दबाव के कार्रवाई करना सुनिश्चित करे। किसी भी हाल में राज्य में अपराध का ग्राफ ऊपर नहीं जाना चाहिए। अपराधियों का मनोबल तोड़ने का काम पुलिस विभाग अवश्य करे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपकी सूझबूझ, आपकी कार्यशैली, आपका सूचना तंत्र, आपकी क्रिएटिविटी एवं सतर्कता से अपराधिक घटनाओं पर तत्काल लगाम लगाया जा सकता है।

### महाभारत की कथा पर आधारित भवेशचंद्र मिश्र का मैथिली उपन्यास शरशय्या पर "भीष्म पितामह" का लोकार्पण

## शिवांशु के कहानी कहने की विशिष्ट शैली ने इस उपन्यास को जीवंत बना दिया : KEDAR KANAN

**PHOTON NEWS RANCHI :** महाभारत अनेक कथाओं और उपकथाओं का महाकाव्य है, जिनसे आज भी लोग सीख लेते हैं। महाभारत की कथा पर आधारित भवेशचंद्र मिश्र "शिवांशु" का मैथिली उपन्यास शरशय्या पर पितामह इस महाकाव्य के एक प्रमुख नायक भीष्म पितामह पर केंद्रित है। लेकिन उपन्यासकार ने उन घटनाओं एवं उपकथाओं का तत्वान्वेषण किया है, जो साधारण लोगों को नहीं मालूम है। ये बातें शुक्रवार को रांची के हरमू स्थित झारखंड मैथिली मंच के विद्यापति दलान पर लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्राध्यापक डॉ नरेंद्र कुमार झा ने कहीं।



उपन्यास का लोकार्पण करते लोग। ● फोटोन न्यूज

मौके पर मैथिली साहित्यकार कृष्णमोहन झा मोहन ने कहा कि महाभारत की कथाओं पर दुनिया भर की भाषाओं में अनेक पुस्तकें लिखी गई हैं, शिवांशु के इस उपन्यास को उसी श्रृंखला की अगली कड़ी माना जा सकता है। लेकिन उपन्यासकार ने जिस तर्कशक्ति और कलात्मकता का इसमें उपयोग किया है, वह अप्रतिम है।

इस अवसर पर भारती मंडन पत्रिका के संपादक केदार कानन ने कहा कि शिवांशु के पास कहानी कहने की जो विशिष्ट शैली है, उसने इस उपन्यास को जीवंत बना दिया है और जिस कुशलता से उन्होंने इसके कथा-पात्रों का चित्र पाठकों के समक्ष खड़ा किया है, वह बिल्कुल सटीक और रोचक बन पड़ा है। यह उनके बारीक चित्रण और शोधपूर्ण दृष्टि का परिणाम है कि इस उपन्यास में संक्षिप्त में महाभारत की कथा को बारीक ढंग से समेटा जा सका है, लेकिन कहीं से भी नहीं लगता है कि कोई महत्वपूर्ण प्रसंग छूट गया है।

मौके पर रांची दूरदर्शन के पूर्व निदेशक प्रमोद कुमार झा ने कहा कि इस उपन्यास की सबसे खास बात यह है कि भीष्म जैसे विरल चरित्र को चित्रित करने में उपन्यासकार ने उच्चतर मानवीय मूल्य को सुस्थापित करने का लक्ष्य रखा है, और उसे सफलतापूर्वक निभाया भी है। बेशक यह उपन्यास ऐतिहासिक उपख्यान पर आधारित है, लेकिन यह समकालीन जीवन मूल्यों और प्रश्नों से भी मुठभेड़ करता है।

## योग वाणी सेमिनार 23 को, राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची स्थित आईएमए सभागार में 23 जुलाई को योग वाणी सेमिनार का आयोजन किया जायेगा, जिसमें झारखंड के चिकित्सक और योग जिज्ञासु हिस्सा लेंगे। सेमिनार सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक दो सत्रों में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शामिल होंगे. इंडियन योग एसोसिएशन झारखंड राज्य समिति के नेतृत्व में रांची की मेडिकल एसोसिएशन, झारखंड न्यूरोसाइंस सोसाइटी और रॉकफील्ड हेल्थ केयर इसका आयोजन कर रहे हैं।



सीपी राधाकृष्णन फाईल फोटो।

योग वाणी सेमिनार में वीवाईएसए विश्वविद्यालय के कुलपति तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग सलाहकार पद्मश्री डॉ. एचआर नागेंद्र और केवल्य धाम लोनावाला के अकादमिक व ट्रेनिंग अध्यक्ष डॉ. एन. गणेश राव तनाव योग के बारे में जानकारी देंगे। इस कार्यक्रम में फिजीसीयन डॉ. पीएन सिंह, आईएमए के सचिव डॉ. पंकज बोदरा, आईएमए रांची के अध्यक्ष डॉ. शेखर चौधरी काजल, सर्जन डॉ. रमेश दास, मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ. अनुज कुमार के अलावा कई प्रसिद्ध चिकित्सक उपस्थित रहेंगे।

BRIEF NEWS

## रामगढ़ महिला महाविद्यालय को दो नए विषयों की मिली सौगात : प्रो. सरिता सिंह

**RAMGARH:** महिला महाविद्यालय रामगढ़ को इस नए सत्र 2023- 27 से दो अतिरिक्त विषयों भूगोल और समाजशास्त्र की सौगात मिली है। जानकारी महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो। सरिता सिंह ने प्रेस बयान जारी कर दी है। कहा है कि रामगढ़ शहर के लिए अच्छी खबर है, क्योंकि रामगढ़ महाविद्यालय में भी इन विषयों की की पढ़ाई नहीं होती है। मालूम हो कि रामगढ़ जिले का एकमात्र अंगीभूत डिग्री महिला महाविद्यालय वर्ष 2016 से रामगढ़ महाविद्यालय परिसर में संचालित है। पहले रामगढ़ महिला महाविद्यालय में कला एवं वाणिज्य के कई विषयों जैसे हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, वाणिज्य की पढ़ाई होती है। प्राचार्या ने कहा कि सत्र 2023- 27 के लिए चार वर्षीय स्नातक में नामांकन के लिए विश्वविद्यालय द्वारा जो आवेदन पोर्टल खुला है। उसमें विकल्प के रुप में भूगोल और समाजशास्त्र भी मिलेगा। इच्छुक छात्राओं को सूचित किया गया है। इन विषयों पर आवेदन करना चाहते हैं तो आवेदन किया जा सकता है। भूगोल और समाजशास्त्र विषयों को स्वीकृती मिलने पर हर्ष व्याप्त है। डॉ राजेश कुमार उपाध्याय, प्रो। बीरबल महतो, प्रो साजिद हुसैन, प्रो। शाहनवाज खान, अर्चना कुमारी, विजय कुमार, सरजू महतो, वीरेंद्र उरांव ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

## श्री श्री मनसा पूजा का 15 वी वर्षगांठ आगामी 17 अगस्त को, तैयारी शुरू

**RAMGARH:** श्री श्री मनसा पूजा की 15 वाँ वर्षगांठ मानने को लेकर श्री श्री मनसा पूजा समिति के सदस्यों ने प्रथम बैठक किया। बैठक के नेतृत्व संस्थापक लेखराज महतो ने किया। बैठक में कमिटी के संस्थापक लेखराज महतो एवं सभी सम्मानित सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया की कमिटी के 15 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर 15 वाँ वर्षगांठ आगामी 17 अगस्त 2023 को मनाया जायेगा। मौके पर कमिटी के संस्थापक लेखराज महतो ने बताया कि भोजपुरी के प्रसिद्ध गयाकार देवी को आमंत्रित किया जायेगा। जो अपने भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर देगी। जिसमे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। लेखराज महतो, नितिश दांगी, बबलू प्रसाद, श्रवण कुशवाहा, रवि कुशवाहा, अंकित कुशवाहा, टिंकू कुशवाहा, बलराम कुमार, टिंकू कुशवाहा, नामित कुशवाहा, कपिल प्रियदर्शी, कृष्णा कुमार, राजू कुशवाहा, रंजीत कुशवाहा, आनन्द कुशवाहा, अमित कुमार, चंदन कुमार,दिलीप कुमार, राजकुमार गोसाई, आनन्द चौधरी, सतीश कुशवाहा, राजकुमार (बच्चू), पप्पू कुशवाहा, बिनोद सिंहा, जय प्रकाश मानकी, राजीव कुमार, शिवम कुमार, मोहित गुप्ता, संतोष मुंडा, सुमित गोसाई, पिंटू कुमार, दशरथ महतो, मुन्ना कुमार, अमन, चिंटू, सुभम, एवम् समस्त कार्यकर्ता।

## निजी जमीन पर तालाब सौंदर्यीकरण का विरोध

**KODERMA :** तिलैया थाना क्षेत्र स्थित महतो आहार में एक तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य का विरोध का मामला सामने आया है. उक्त तालाब को अपनी पुस्तैनी जमीन बताते हुए स्थानीय रामचंद्र वर्मा ने थाने में आवेदन देकर 6 लोगों को नामजद किया है. दिए आवेदन में उन्होंने पुलिस को बताया है कि उक्त जमीन उनके परदादा हीरो कोइरी के नाम से है और यह उनकी खतियानी जमीन है. लेकिन, उनकी सहमति के बिना ही झुमरी तिलैया के सीडी कॉलोनी निवासी संवेदक पप्पू सिंह ने उक्त जमीन पर सौंदर्यीकरण और गहरीकरण किया गया है. आवदेन में रामचंद्र वर्मा ने संवेदक के अलावा कॉन्ट्रैक्टर सन्नी कुमार सिंह, मिथुन कुमार सिंह, सोनू कुमार सिंह, विजुल कुमार सिंह व गौतम कुमार सिंह को भी नामजद किया है. साथ ही कहा है कि जब वे और उनके गोतिया मना करते हैं, तो उनलोगों के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की धमकी दी जाती है।

# मणिपुर हिंसा के खिलाफ इप्टा की पलामू इकाई ने किया सांस्कृतिक प्रतिरोध

## मणिपुर जैसी घटना फिर किसी अन्य राज्य में ना हो इसके लिए आपसी एकजुटता जरूरी

**PHOTON NRES MEDININAGAR :** मणिपुर में जारी हिंसा और बेटियों के साथ हुए अमानवीय व्यवहार के खिलाफ इप्टा की पलामू इकाई ने सांस्कृतिक प्रतिरोध का आयोजन कचहरी परिसर में किया। इस प्रतिरोध में इप्टा के कलाकारों के साथ छात्र संगठन आईसा, इंकलाबी नौजवान सभा, जन संग्राम मोर्चा, अखिल भारतीय किसान सभा, भाकपा, भाकपा माले, ज्ञान विज्ञान समिति, सहित शहर के बुद्धिजीवी काफी संख्या में शामिल हुए।



सांस्कृतिक प्रतिरोध के दौरान शामिल लोग अपने हाथ में पोस्टर लेकर सड़क के किनारे खड़े थे। पोस्टर में मणिपुर की बेटियों के साथ हुए भयावह यौन उत्पीड़न एवं अत्याचार को उकेरा गया था। पोस्टर का निर्माण इप्टा के कलाकारों के साथ अंशु आर्ट के कलाकार पवन विश्वकर्मा एवं मासूम आर्ट ग्रुप के संजीत कुमार ने किया था। प्रतिरोध के दौरान सभी लोगों ने मणिपुर की घटना को शर्मनाक बताया। साथ ही आम आवाम को आगाह करते हुए कहा कि मणिपुर जैसी घटना फिर किसी अन्य राज्य में ना हो इसके लिए आपसी एकजुटता बनाए रखने की जरूरत है।

झारखंड इप्टा के महासचिव उपेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि हमारा सांस्कृतिक प्रतिरोध मणिपुर की बेटियों की हिफाजत के लिए है. हम उनके संघर्ष के साथ हैं। साथ ही यह प्रतिरोध नफरत की राजनीति करने वालों के खिलाफ भी है. भविष्य में इस प्रकार की घटना ना हो इसके लिए भी हम सभी मैदान में उतर चुके हैं।

अखिल भारतीय किसान सभा के प्रांतीय अध्यक्ष केडी सिंह ने कहा कि पिछले 78 दिनों से मणिपुर जल रहा है. हिंसक घटना के साथ मणिपुर की बेटियों के साथ जो हुआ, उससे पूरा देश शर्मसार है. वरिष्ठ अधिवक्ता एवं वरिष्ठ रंगकर्मी नंदलाल सिंह ने कहा कि मणिपुर में महिलाओं के साथ जो घटना हुई, उसकी पीड़ा का बखान शब्दों में नहीं किया जा सकता। लेकिन भविष्य में घटने वाली घटना से लड़ने के लिए तैयार रहना होगा। इंकलाबी नौजवान सभा के अविनाश ने वर्तमान राजनीति पर प्रहार करते हुए कहा कि मणिपुर में जो भी घटनाएं हो रही है, उसके जिम्मेवार देश के प्रधानमंत्री हैं।

### कविता ह्यडरा हुआ आदमी की भावात्मक प्रस्तुति

सांस्कृतिक प्रतिरोध के दौरान रंगकर्मी प्रेम प्रकाश ने अहमद दरवेश द्वारा लिखित कविता ह्व डरा हुआ आदमी ह्व की भावात्मक प्रस्तुति की। अपनी कविता के माध्यम से उन्होंने कहा कि किस-किस से डरना होगा/जइफी का बहाना छोड़कर/ एक बार फिर निकलना होगा/अंधेरे से रोशनी का सफर/लाजिम है तय करना होगा।

सांस्कृतिक प्रतिरोध का संचालन इप्टा के रंगकर्मी प्रेम प्रकाश एवं जिला सचिव रविशंकर ने संयुक्त रूप से किया। प्रतिरोध कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक मार्च से किया गया। जो कचहरी परिसर से निकलकर कचहरी चौक तक गया। मौके पर वरिष्ठ कलाकार प्रेम प्रकाश भसीन, सुरेश सिंह, रुचिर तिवारी, विनीत सिंह, शिशुपाल सिंह, विजय चौरसिया, गौतम कुमार, मुन्ना साहनी, मो। दानिश, शिव शंकर प्रसाद, समरेश सिंह, अजीत कुमार, संजीव कुमार संजू, भूपेश कुमार शर्मा, भोला, राजीव रंजन, संजीत दुबे, घनश्याम कुमार, शशि पांडे सहित काफी लोग उपस्थित थे।

# साढ़े तीन लाख की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

नशे के सौदागरों के खिलाफ पुलिस चला रही बड़ा अभियान



घटना की जानकारी देते एसीपी साथ में अन्य पुलिस अधिकारी व आरोपित • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS SAHIBGANJ :** पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ा अभियान चला रही है. इसी क्रम में पुलिस ने एक युवक को लगभग साढ़े तीन लाख कीमत की 7.56 ग्राम हेरोइन के साथ दबोच लिया है. एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा ने बताया कि दोपहर 2:30 बजे पुलिस को नशा के सौदागरों की मौजूदगी की गुप्त सूचना मिली। इसी आधार पर फुलवरिया के पटल बगीचा के पास स्कूटी सवार हसन टोला निवासी मो शमसुल हक (39) को पकड़ा गया। उसके पास से 12 छोटा पारदर्शी प्लास्टिक पाउच में 7.56 ग्राम हेरोइन, 2000 रुपये नकद व एक ओप्पो कंपनी का ए-15 स्मार्ट फोन बरामद हुआ। इस नशा तस्कर को पूछताछ कर जेल भेजा जा रहा है। इस मौके पर बरहरवा सह राजमहल एसडीपीओ प्रदीप उरांव, इंस्पेक्टर राजीव रंजन, राजमहल थाना प्रभारी कुन्दन कान्त विमल, एसआई सुनील कुमार व अमन कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# युवती की संदिग्ध परिस्थिति में मौत के मामले में तीन युवकों पर प्राथमिकी दर्ज

**PHOTON NEWS RAMGARH:** भदानी नगर ओपी क्षेत्र के बीचा गांव में युवती की संदिग्ध परिस्थिति में मौत के मामले में तीन युवकों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। मृतका की मां यशोदा देवी ने यह प्राथमिकी दर्ज कराई है।




उसने प्राथमिकी में कहा है कि 12 जुलाई को वह अपने पति मदन मोहन सिंह के साथ रांची में मजदूरी करने गई थी। उस दिन जब वह घर लौटी तो उसकी दो बेटियां मनीषा और अनीशा घर में मौजूद नहीं थी। देर रात तक भी जब दोनों लड़कियां घर नहीं आई तो उनकी तलाश की जाने लगी। वे लोग 13 जुलाई की सुबह दस बजे घर पहुंची। उन लोगों ने बताया कि सुकेश उरांव, करण उरांव और रितेश उरांव ने उन लोगों को जंगल में ही पकड़ लिया था और उनसे उनका मोबाइल छीन लिया था। इस डर से वे लोग रात में घर नहीं लौटे। मोबाइल मांगने के लिए यशोदा जब सुकेश के घर पहुंची तो उसने कहा कि 10000 लेकर आओ तब मोबाइल दिया जाएगा।

यशोदा रुपयों का इंतजाम कर रही थी। इसी दौरान 15 जुलाई को उसकी पुत्री मनीषा की मौत हो गई। इस मौत के बाद अनीशा ने 12 जुलाई की रात हुई घटना की जानकारी परिजनों को दी। उसने बताया कि उन तीनों युवकों ने मनीषा के साथ बलात्कार किया था। उसकी वजह से मेरी पुत्री की मौत हुई है। इस प्रकरण में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, ताकि मौत की वजह भी पूरी तरह से स्पष्ट हो जाए।

## रामगढ़ जिला पेंशनर कल्याण समाज की बैठक में कई मुद्दो पर हुई चर्चा

**RAMGARH:** जिला कैंप कार्यलय, अनुमंडल परिसर में संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने की । बैठक में सर्व प्रथम विगत बैठक की संपुष्टि की गई। शुक्रवार को बैठक में मुख्य रूप से सदस्यता अभियान,छब्बीस अगस्त को रांची में होने वाली निर्देशक मंडल की होने वाली बैठक के संबंध में चर्चा की गई, साथ ही पेंशनर कल्याण समाज के कार्यालय के मरम्मत में हो रही देर पर चिंता व्यक्त की गई बैठक के अंत में लोककल्याणकारी एवम पेंशनर कल्याण समाज के हितैषी रामगढ़ के पूर्व उप विकाश आयुक्त नागेंद्र प्रसाद के दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यकारिणी की बैठक में आशुतोष कुमार सिंह, दिलीप साहा अशोक कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# PM रोजगार सृजन योजना एवं PM सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत चल रहे कार्यों की DDC ने की समीक्षा

**PHOTON NEWS RAMGARH:** शुक्रवार को समाहरणालय रामगढ़ के ब्लॉक बी स्थित सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रामगढ़ श्री रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना एवं प्रधानमंत्री शुक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना को लेकर बैठक का आयोजन किया है।



बैठक के दौरान सर्वप्रथम श्री टोप्पो ने योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का जायजा लिया एवं लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध ज्यादा से ज्यादा आवेदन सृजित कर आम लोगों को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश सभी बैंक के प्रतिनिधियों को दिया। वही उन्होंने स्वीकृत, लंबित एवं खारिज किये गए आवेदनों से संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान श्री टोप्पो ने जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी एवं डीपीएम जेएसएलपीएस को उनके विभाग में शुक्ष्म खाद्य उद्योग से जुड़े लोगों की सूची जिला उद्योग केन्द्र रामगढ़ को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने संबंधित सभी विभागों को आपस मे समन्वय स्थापित करते हुए ज्यादा से ज्यादा आवेदन सृजित कर लोगो को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान एलडीएम रामगढ़, एसएमपीओ रामगढ़, विभिन्न बैंको के प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 का हुआ आयोजन

**PHOTON NEWS RAMGARH:** पर्यटन कला- संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड रांची के निदेर्शानुसार शुक्रवार को जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन सिद्धो-कान्हु स्टेडियम रामगढ़ में अंडर 14 बालक वर्ग एवं अंडर 17 बालक एवं बालिका प्रतिभागियों के बीच आयोजित किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त श्री रोबिन टोप्पो एवं उपस्थित पदाधिकारियों ने लोगो को खेल के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रंग बिरंगे गुबारो को खुले आकाश में छोड़ने के पश्चात फुटबॉल को किक मारकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया । मौके पर उप विकास आयुक्त श्री टोप्पो ने कहा की पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी हमारे जीवन में अहम भूमिका निभाती है। खेल से हमारा मानसिक एवं शारीरिक वृद्धि होता है अतः खेल को हमे अपने जीवन मे आवश्य ही शामिल करना चाहिए।



वहीं उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल के प्रति जागरूक करते हुए बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता में कुल 4 प्रखंड से अंडर 14 बालक वर्ग एवं अंडर 17 बालक एवं बालिका के 12 टीमों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सफल चयनित प्रतिभागी प्रमंडल स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला योजना पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी स्थापना उप समाहर्ता, जिला खेल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी रामगढ़, एवं खेल प्रेमीयों सहित अन्य उपस्थित थे।

## दुमका में सांप काटने से छात्रा की मौत



**DUMAKA:** गोपीकांदर थाना क्षेत्र के माहुलडाबर गांव की आठवीं कक्षा की छात्रा की सांप काटने से मौत हो गई है। छात्रा मनीषा सोरेन (11) प्रथमिक मध्य विद्यालय मोहलडाबर की आठवीं की छात्रा थी। इसके अलावे मनीषा प्राइवेट स्कूल में भी पढ़ती थी। पिता मरसिल सोरेन ने बताया कि मनीषा इंग्लिश मीडियम में यूकेजी की छात्रा थी। गुरुवार रात को मनीषा को बेड पर ही किसी जहरीला सांप ने काट लिया। मनीषा सोरेन ने हो-हल्ला किया तो स्कूल के शिक्षकों ने पाकुड़ जिला के आमड़ापाडा शहरजोड़ी मिशन में भर्ती कराया। इलाज के दौरान मनीषा ने दम तोड़ दिया है।

# सूखे पत्तों से जलावन बनाने की मशीन का 28 जुलाई को उपायुक्त करेंगे उद्घाटन

**PHOTON NEWS NOAMUNDI :** नोवामुंडी प्रखंड के गुवा थाना अंतर्गत नुईया गांव में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन (जेएसएलपीएस) नोवामुंडी इकाई द्वारा सूखे पत्तों से जलावन बनाने के लिए ब्रिक्यूटी यूनिट संयंत्र का उद्घाटन आगामी 28 जुलाई को चाईबासा के उपायुक्त अनन्य मित्तल करेंगे। उसके बाद सूखे पत्तों से जलावन बनाने की मशीन महिला समिति को सौंप दी जाएगी ताकि महिलाएं स्वावलंबी बन सकें। इसी की तैयारी को लेकर नोवामुंडी प्रखंड से जेएसएलपीएस के जिला प्रबंधक अधिकारी भारत राठौर, लाइवलीहुड के धीरज प्रसाद, जिला प्रबंधक सामाजिक विकास के प्रकाश हेस्सा, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक वन बिहारी नायक, सामुदायिक समन्वय ममता देवी, जेंडर सीआरपी के गीता देवी, अनुराधा राव, राहुल कुमार ने शुक्रवार को स्थल का निरीक्षण किया।



सूखे पत्ते से जलावन बनाने की मशीन का निरीक्षण करते अधिकारी • फोटोन न्यूज

### डीएमएफटी फंड से लगाया गया है उद्योग

सूखे पत्ते से जलावन बनाने की मशीन के बारे में महिला समिति को बताते अधिकारी। ज्ञात हो कि डीएमएफटी फंड से सरकारी जमीन पर यह उद्योग लगाया गया है. उद्योग को चलाने के लिए महिला समिति का गठन किया गया। आए दिन असामाजिक तत्वों द्वारा जंगलों में आग लगा दी जाती है, जिससे जंगल में दुर्लभ जीव जंतु के साथ-साथ पेड़ पौधे भी नष्ट हो जाते हैं। परंतु अब यह उद्योग लग जाने के बाद सारंडा के ग्रामीण सूखे पत्तों को इकट्ठा कर बोरिया में भरकर इस उद्योग के माध्यम से रोजगार प्राप्त कर सकेंगे।इससे जंगल को जलने से बचाया जा सकेगा। यहां बने उत्पादों की बिक्री बाजार में भी की जा सकती हैं, जिससे ग्रामीणों का भरण पोषण हो सकेगा।

## अब धुआं रहित चूल्हा बना खूंटी की गरीब महिलाओं का सहारा

# मध्यम वर्ग तक सिमट कर रह गई प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना

**PHOTON NEWS KHUNTI:** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना सिर्फ मध्यम वर्ग की महिलाओं तक सिमट कर रह गई। गांव के गरीब परिवारों ने गैस का उपयोग करना ही बंद कर दिया। महिलाओं का कहना है कि उनके पास इतने पैसे नहीं हैं कि हर महीने 12 सौ रुपये देकर गैस सिलेंडर खरीद सकें। यही कारण है कि आज दूर-दराज की गरीब महिलाएं जंगलों से लकड़ियां लाकर भोजन बनाती हैं। इससे महिलाओं की सेहत पर धुएं का दुष्प्रभाव पड़ने लगा। इसको देखकर गांव की महिलाएं अब धुआं रहित चूल्हे का उपयोग कर रही हैं।



खूंटी जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित है मुरहू प्रखंड के कुंजला पंचायत का गांव सिंघा दुलवा। गांव में सिर्फ अनुसूचित जनजाति के लोग रहते हैं। गांव में 34 परिवार के 238 लोग निवास करते हैं। आदिवासी बहुल क्षेत्र रहने के कारण गांव के लोगों को स्वच्छ ऊर्जा समाधान की जानकारी का अभाव था। लोग खाना बनाने के लिए परंपरागत चूल्हे का उपयोग करते हैं। इसमें लकड़ी, गोबर के उप्पले और केरोसिन से चूल्हा जलाया जाता था। इसके कारण पूरा घर धुआं से भर जाता था। इसका दुष्प्रभाव परिवार पर पड़ता था। साथ ही लकड़ी भी अधिक लगती थी और फिर जंगलों और पेड़ों की कटाई शुरू हो जाती थी। बाद में गांव की महिलाओं को स्वयंसेवी संस्था लीड्स की रेस परियोजना की जानकारी मिली। महिलाओं के आग्रह पर रेस परियोजना के तहत लीड्स संस्था ने गांव में ग्राम स्वच्छ ऊर्जा समिति का गठन किया। इसकी मासिक बैठक में लोगों को स्वच्छ ऊर्जा के बारे में जानकारी दी जाती और उन्हें धुआं रहित चूल्हों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाने लगा। बाद में उन्हें धुआं रहित चूल्हा के निर्माण की जानकारी दी गई। आज गांव के 38 परिवारों में से 28 परिवारों में धुआं रहित चूल्हे का उपयोग हो रहा है।

गांव की महिला ललिता भेंगरा और जौनी मुंडाइन बताती हैं कि ग्राम स्वछ ऊर्जा समिति की बैठक में निर्णय लिया गया की गांव के सभी परिवार को धुआं से मुक्त करने के लिए सभी कोई धुआं रहित चूल्हे का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया धुआं रहित चूल्हे का निर्माण एक सांचे में किया जाता है। इसके निर्माण में लोहे का छड़, ईंट आदि का प्रयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस चूल्हे के उपयोग से अब सिंघ दुलवा गांव धुआं रहित गांव बनने की ओर अग्रसर है।

# भुरकुंडा की कोमल सिंह बनीं मिसेज झारखंड

**PHOTON NEWS RAMGARH:** रामगढ़ के भुरकुंडा बुध बाजार दोतल्ला पंचायत स्थित शिव नगर कॉलोनी निवासी कौशल किशोर सिंह की बेटी कोमल सिंह ने झारखंड नेक्स्ट टॉप मॉडल में अपना परचम लहराया है. उन्होंने शेलगाम फैशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम के फाइनल में मिसेज झारखंड का खिताब जीता है. कोमल ने कहा कि इस मुकाम को हासिल करने में उनकी सास व पति का अहम योगदान रहा है।



इस खुशी के मोके पर विभिन्न स्थानों से उनके घर पहुंचकर लोगों ने उन्हें बधाई दी। भारतीय जनता युवा मोर्चा की रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष अंजु ठाकुर ने कोमल को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं, पंचायत प्रतिनिधि उप मुखिया प्रशांत कुमार, वार्ड सदस्य नीतू सिन्हा, रेणुका देवी, वीना देवी, अनीता देवी, दयामुनी मुर्मू ने मिसेज झारखंड बनने पर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर बधाई व शुभकामनाएं दी। साथ ही उनके उज्जवल व स्वर्णिम भविष्य की कामना की। मौके पर कोमल के पति गौतम सिंह, आरती कुमारी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

BRIEF NEWS

## महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना बहुत जरूरी : पांडा



**ROURKELA:** मुख्यमंत्री कर्म सहिर अभियान (मुक्ता) के जमीनी स्तर पर सफल कार्यान्वयन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित हुआ। उदितनगर स्थित महानगर सभा के परिसर में राउरकेला के मिशन शक्ति समूहों और महानगर निगम के कर्मचारियों के लिए एक प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। आवास एवं शहरी विकास विभाग के संयुक्त सचिव सारदा प्रसाद पांडा ने वर्चुअल माध्यम से प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कौशल विकास कार्यक्रम, मिशन शक्ति के लक्ष्य और उद्देश्यों के बारे में बताया कि माताएं कैसे कर सकती हैं, रोजगार पाने और आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एडीएम एवं महानगर निगम कमिश्नर डॉ. शुभाकर महापात्रा ने मिशन शक्ति की माताओं से 'मुक्ता' में ऑर्डर से लेकर बिल प्राप्त करने तक की प्रक्रिया में आने वाली कठिनाइयों के बारे में पूछा। उन्होंने समाधान पर विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षण शिविर में मिशन शक्ति की माताओं को 'मुक्ता' की संचालन प्रक्रिया, परियोजना की पहचान की प्रक्रिया, कार्य निर्देश और संबंधित दस्तावेज, मास्टर रोल, बैंक ऋण के लिए समूह पात्रता मानदंड, निर्माण कार्य की माप और मजदूरी का भुगतान सिखाया गया। श्रमिकों को बिल, भुगतान रिकार्ड, रखरखाव आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण का संचालन आवास एवं शहरी विकास विभाग के सर्वेश्वर सिंह साहू एवं रश्मिता बेहरा ने किया।

## जीएसटी विभाग की टीम ने जीता फ्रेंडली क्रिकेट मैच, मायुमं हारा



**JAMSHEDPUR:** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा जीएसटी विभाग, जमशेदपुर के साथ शुक्रवार सुबह 6.30 बजे से आर्मरी ग्राउंड बिस्टुपुर में एक दिवसीय फ्रेंडली क्रिकेट मैच खेला गया। यह क्रिकेट मैच झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के स्थापना दिवस सप्ताह के अवसर पर पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल के सम्मान में आयोजित हुआ। टॉस जीतकर टाटानगर अचीवर्स ने बेटिंग करते हुए 76 रनो का लक्ष्य दिया। जिसे जीएसटी विभाग की टीम ने लक्ष्य हासिल कर मैच जीत लिया। मेन ऑफ द मैच जीएसटी विभाग टीम के अभिषेक कुमार रहे। यह क्रिकेट मैच का कार्यक्रम सेंट्रल जीएसटी के डिपटी कमिशनर ध्रुव ज्योति राय की उपस्थिति मे संपन्न हुआ। इसे सफल बनाने मे शाखा अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता, संस्थापक अध्यक्ष सुगम सरायवाला, कोषाध्यक्ष आदित्य जाजोडिया, स्पोर्ट्स संयोजक विजय सोनी, राजीव रंजन, कुंदन कुमार, दीपक कुमार, उत्कर्ष अग्रवाल, उमंग शर्मा, राहुल केडिया, अमित पडिया, अमित अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, सौरव अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

## संबलपुर में एक वर्ष तक



## धार्मिक जुलूसों पर रहेगा प्रतिबंध

**SAMBALPUR:** संबलपुर जिला प्रशासन ने जिले में सभी धार्मिक जुलूसों पर एक साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। जिला कलेक्टर अनन्य दास की अध्यक्षता में शुक्रवार को संबलपुर में आयोजित शांति समिति की

### गाय, ब्राह्मण एवं साधु-संतों की सेवा भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से सीखनी चाहिए : डॉ. संजीव कृष्ण ठाकुर

# जुगसलाई में कथा चौथे दिन आनंद व उत्साह पूर्वक मनाया गया भगवान श्री बालकृष्ण प्रभु का प्राकट्य उत्सव

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** जुगसलाई श्री राजस्थान शिव मंदिर में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर शुक्रवार को श्रीधाम वृन्दावन से पधारे कथावाचक डॉ. संजीव कृष्ण ठाकुर ने राजा भगीरथ कथा, माँ गंगा अवतरण कथा, श्रीराम जन्म एवं भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा के मुख्य प्रसंग का काफी सुंदर वर्णन किया। कथा के दौरान श्रीबालकृष्ण प्रभु का मंगलमय पावन प्राकट्योत्सव, आनंद पूर्वक प्रभु जन्मोत्सव की बधाई गायन पर खूब झूमकर बड़ी संख्या में पधारे प्रभु कथा प्रेमियों द्वारा मनाया गया। चतुर्थ दिवस कथा प्रसंग में व्यास पीठ से महाराज श्री ने बताया कि हमें अपने जीवन में ठाकुर जी के उत्सव मनाने का सौभाग्य निश्चित ही बड़े पुण्य कर्मों के फलस्वरूप



प्राप्त होता है। गढ़वाल परिवार के ऊपर भी प्रभु की बड़ी कृपा रही जो श्री बालकृष्ण प्रभु के पावन मंगलमय पावन प्राकट्य उत्सव मनाने का सदभाग्य प्राप्त हो पा रहा है। गौमाता, विप्र देव एवं साधु संत जनों की रक्षा के लिए प्रभु अवतार धारण करते हैं। प्रत्येक सनातनी का यह प्रधान कर्तव्य है कि प्रभु की लीला चरित्रों से सीख लेते हुए यथा संभव गौमाता की सेवा अवश्य करे।

जो मनुष्य गौ सेवा से जुड़ता है वह गोपाल सेवा का अधिकारी भी बन जाता है। मालीराम घनश्याम दास गढ़वाल परिवार (थोई निवासी राजस्थान) द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान महाराजश्री ने भगवान कृष्ण के जन्म प्रसंग का इतना सुंदर बखान किया की पंडाल में सभी लोग भावविभोर हो गए। जैसे ही बाल कृष्ण के रूप में नन्हे बालक को वासुदेव लेकर पहुंचते हैं तो पूरा कथा स्थल भगवान कृष्ण के जयकारों से गूंज उठता है। इस दौरान उपस्थित महिलाएं भगवान कृष्ण के जन्म पर उनकी बलैयां लेकर बेहद उत्साह से भर जाती है। इस दौरान कथावाचक द्वारा आलकी की पालकी जय कन्हैयालाल की..., नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की..., आज तो बधैया बाजे नंद भवन में... जैसे बधाई के भजन पर उपस्थित श्रद्धालुगण कृष्ण जन्म पर झूमने लगे। टोकनी में लेटे बालक कृष्ण को अपने सिर पर लेकर भक्ति भाव से नाचते नजर आए। कथावाचक ने भगवान कृष्ण के जन्म अवसर पर चाकलेट, टाफी भी वितरित की। पांचवें दिन शनिवार को श्री कृष्ण बाल लीलाएं, गोवर्धन महोत्सव का प्रसग होगा।

# इनर व्हील क्लब ने लोगों के बीच कपड़े व थैले के किया वितरण




**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** इनर व्हील क्लब जमशेदपुर की ओर से शुक्रवार को लोगों के बीच पर्यावरण संरक्षण के तहतजागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर

इनर व्हील क्लब द्वारा लोगों के बीच कपड़े के बने थैले का वितरण किया गया। साथ ही क्लब द्वारा लोगों को प्लास्टिक के थैले नहीं इस्तेमाल करने को लेकर जागरूक किया गया। लोगों को बताया गया कि प्लास्टिक के थैले हमारे पर्यावरण के लिए कितना हनिकारक है। जीरो वेस्ट प्रोजेक्ट के तहत क्लब के मेंबर्स ने पुराने कपड़ों को बैग बनाकर क्लब को दिया। जिसे क्लब ने बाजार में खरीदारी करने वाले लोगों के बीच वितरित किया। क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि लोगों को प्लास्टिक की जगह कपड़े या प्राकृतिक रेशों से बने हुए बैग का इस्तेमाल कर पर्यावरण को बचाने में प्रकृति का सहयोग करे। इस अवसर पर क्लब की प्रेसिडेंट अर्चना शेखर,सेक्रेटरी एग्नेस बॉयल,वाइस प्रेसिडेंट सारिका सिंह, नविता प्रसाद,चंचला सिंह,कनक सिंघल, प्रिया नागराजन आदि उपस्थित थी।

# बंगाल की खाड़ी पर कम दबाव का क्षेत्र बनने से ओडिशा में भारी बारिश की संभावना, किसानों को किया अलर्ट

### 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का अनुमान

**PHOTON NEWS BHUBANESWAR:** भुवनेश्वर। ओडिशा तट पर बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने से राज्य के कई हिस्सों में गुरुवार और शुक्रवार सुबह बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने एक बुलेटिन में कहा कि बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती परिसंचरण के कारण कम दबाव का क्षेत्र बना और इसके प्रभाव से ओडिशा तट पर 22 जुलाई तक 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का अनुमान है। मौसम कार्यालय ने मछुआरों को इस दौरान समुद्र में न उतरने की सलाह दी है। चक्रवाती परिसंचरण के अगले दो दिन के दौरान ओडिशा से आगे बढ़ने की संभावना है और इससे 24 जुलाई तक राज्य के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश तथा पूरे राज्य में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। आईएमडी ने 24 जुलाई को एक और कम दबाव का क्षेत्र बनने का पूवार्नुमान जताया है। नुआपाड़ा, बलांगीर, कालाहांडी, बारगढ़, बौध, सोनपुर, संबलपुर जिलों में शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे से शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे के बीच कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की आशंका को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी ने मल्कानगिरी, कोरापुट, नबरंगपुर, कंधमाल, रायगढ़, गजपति, गंजम, अंगुल, नयागढ़, कटक और ढेंकनाल जिलों में शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे से शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे के बीच भारी बारिश की आशंका को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने मल्कानगिरी, कोरापुट, नबरंगपुर, कालाहांडी, कंधमाल, गंजम और गजपति जिलों के पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन की चेतावनी भी दी है।

मल्कानगिरी से प्राप्त एक खबर के अनुसार, गुरुवार को मूसलाधार बारिश के कारण बयापाड़ा घाट में भूस्खलन के बाद नाकामामुडी पंचायत के कम से कम 19 गांवों का संपर्क टूट गया।

# राउरकेला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में वस्तु एवं सेवा कर हुई कार्यशाला

**PHOTON NEWS ROURKELA:** चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री,राउरकेला में वस्तु एवं सेवा कर(जीएसटी) को लेकर शुक्रवार को कार्यशाला आयोजित हुआ। कार्यक्रम का अहम मुद्दा वस्तु एवं सेवा कर कानून में संशोधन तथा सुधार था। कार्यशाला की अध्यक्षता चैंबर अध्यक्ष सुनील कायल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान समस्या के समाधान करने को लेकर उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा जवाब भी दिए गए और कुछ मुद्दे को विभाग के पास भेजने का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि के तौर पर अनंत चरण मलिक (एडिशनल कमिश्नर, सीटी एंड जीएसटी के एडिशनल कमिश्नर अनंत चरण



मलिक थे। वहीं अवे विसेंट मिंज (जेसीसीटी एंड जीएसटी अपील), बसंत कुमार कोरकोरा (जे.सी.सी.टी एंड जीएसटी राउरकेला -2 सर्किल पनपोष), सुशांत कुमार साहू(डीसीसीटी एंड जीएसटी राउरकेला) रमेश कुमार मंडल (डीसीसीटी एंड जीएसटी एनफोर्समेंट यूनिट राउरकेला), युधिष्ठिर बिदिका(सीटी एंड जीएसटी ऑफिसर), माधवा दास (सीटी एंड जीएसटी ऑफिसर) मौके पर मौजूद रहे। इस विषय पर अपने अपने विचारों को साझा किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष सुनील कयाल के अलावा पूर्व अध्यक्ष गोपाल बगड़िया, बृजमोहन अग्रवाल, आईपीपी शुभ पटनायक, महेश जे. वजीर, एवं कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह व नरेश आर्य, वित्त सचिव संतोष अग्रवाल, एडमिन एंड पी आर शुभम कपूर, बैंकिंग सचिव मनीष मोदी,उदय राजगढ़िया ( सचिव आयरन स्टील मैन्युफैक्चरिंग), पवन बगड़िया ( सचिव आयरन स्टील एंड कोल), मनोज रटेरिया ( सिविक ग्रुप सचिव), आई टी सचिव प्रमोद कुमार नतुल्य, विजय प्रधान ( केमिकल ग्रुप सचिव), संजय पोद्दार, दिनदयाल अग्रवाल ( एजेंसी ग्रुप सचिव) , सम्मानित सदस्य अशोक अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य अभय अग्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष विष्णु दयाल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल ( मामनचंद), सहित राउरकेला टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम कृष्ण मिश्र, सचिव चंचल केडिया सहित कई लोग उपस्थित थे।

# राउरकेला इस्पात संयंत्र के सिलिकॉन स्टील मिल विभाग ने उद्यमशील कार्य से उत्पादन क्षमता में वृद्धि की

**PHOTON NEWS ROURKELA:** राउरकेला इस्पात संयंत्र के सिलिकॉन स्टील मिल विभाग के कर्मचारियों ने उद्यमशील कार्यों के बदौलत इस्पात संयंत्र की परिचालन दक्षता में वृद्धि की है। मिल में रोल किए गए सीआरएनओ की प्रमुख स्वीकार्यता 80 प्रतिशत से बढ़कर 92 प्रतिशत से अधिक हो गई है, जबकि एचआर से फिनिश यील्ड 80 प्रतिशत से बढ़कर 86 प्रतिशत से अधिक हो गई है।

सिलिकॉन स्टील मिल ने भी अपनी सुविधाओं के बड़े पैमाने पर उन्नयन की शुरूआत की है, जिसमें एनालॉग ड्राइव, पीएलसी और लूप पिट कंट्रोल सिस्टम को अत्याधुनिक डिजिटल ड्राइव और टीए लाइन में नए पीएलसी के साथ बदल दिया गया है। इस उन्नयन से उत्पादन क्षमता और उत्पाद की गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि होने



की उम्मीद है।

सिलिकॉन स्टील मिल ने रिवर्सिंग मिल में स्वचालन लागू किया है, जो कंपनी की तकनीकी यात्रा में एक प्रमुख मील का पत्थर है। इसके अतिरिक्त, नियंत्रण डेस्क सीपी-3 और सीपी-4 को बदल दिया गया, जिससे मिल की दक्षता और सुरक्षा में और वृद्धि हुई। सिलिकॉन स्टील मिल के लिए एक और पहला काम रिवर्सिंग मिल में ईटीआर मैंड्रेल ड्राइव असेंबली का सफल प्रतिस्थापन था।

ये उपलब्धियाँ नवाचार, गुणवत्ता और परिचालन उत्कृष्टता के प्रति सिलिकॉन स्टील मिल की सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है। निरंतर सुधार पर ध्यान देने और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाने के साथ, सिलिकॉन स्टील मिल सेल की अन्य इकाई में अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखने के लिए तैयार है।

## बरसुआँ लौह खदान के बनई बीजू पार्क में बनाई सेल्फी प्वाइंट



**ROURKELA:** राउरकेला इस्पात संयंत्र के ओडिशा खान समूह के बरसुआँ लौह खदान द्वारा बनई के बीजू पार्क में सीएसआर के तहत सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन हुआ। इसका उद्घाटन उपजिलाधिकारी (बनई) सुरंजन कुमार साहू द्वारा किया गया । इस अवसर पर बनई के बीडीओ सुदीप कुमार टोप्पो, तहसीलदार हबील खाखा, एसडीपीओ स्वराज कुमार देबता, नमिता नाग, उप निदेशक खान (कोईड़ा) असित कुमार बेहरा, महाप्रबंधक प्रभारी (बीआईएम-टीआईएम) तिलक पटनायक और बनई सब-डिवीजन एवं बारसुआँ लौह खदान के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कपड़ा व्यवसायी कमल अग्रवाल के घर डकैती सहित अन्य मामलों के उठ सकता पर्दा

**PHOTON NEWS ROURKELA:** दो साल पहले राजगांगपुर मुख्य मार्ग स्थित श्रीवस्त्रम कपड़ा दुकान के मालिक कमल अग्रवाल के घर हुई डकैती का पुलिस जल्द ही खुलासा कर सकती है। दरअसल सोमवार की रात को भुवनेश्वर पुलिस से ने चड्डी गंजी गैंग के 11 सदस्यों को गिरफतार किया है। उनके पास से विभिन्न हथियार सहित दरवाजे खिड़की खोलने के लिए उपयोग में आने वाले औजार जब्त किया है। गत महीनों में भुवनेश्वर में घटी वारदातों को अंजाम देने की बात उन्होंने कबूली है। इनसे पूछताछ के लिए सुन्दरगढ तथा राउरकेला से पुलिस टीम भुवनेश्वर पहुंची है। नसे पूछताछ के बाद जिले में घटी एक दर्जन के करीब वारदातों से पर्दा उठने की उम्मीद है।

### दो साल से घट रही है घटनाएं पुलिस पकड़ने में रही असफल

8 सितम्बर 2021 की रात को कमल के घर के सामने का दरवाजा तोड़ कर करीब दर्जन भर अपराधी उसके घर घुसे थे। भुजाली व अन्य हथियार दिखा कर कमल अग्रवाल तथा उनकी पत्नी को डरा धमका कर करीब बीस लाख के गहनों सहित भारी मात्रा में नकदी लूट ले गए थे। पीड़ित के बयानों तथा उनके घर सहित आस पास की सीसीटीवी खंगालने पर पर यह पता चला था कि सभी अपराधी गंजी व चड्डी(हॉफ पेंट) पहने हुए थे। मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। पुलिस जांच में यह डकैतों का गैंग अन्तराज्यीय होने की बात सामने आई थी, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया था। विगत 24 जुलाई 2022 की रात को स्थानीय रानीबन्ध स्थित न्यू कॉलोनी निवासी धर्मेंद्र सिंह के घर भी इसी तरह के कपड़े पहने बदमाशों द्वारा एक डकैती अंजाम दी गई थी। जिसमें लाखो के गहने लूटे गए थे। बामड़ा में एक आभूषण दुकान सहित राउरकेला, बिसरा, बीरमित्रपुर क्षेत्र में इसी तरह के गैंग द्वारा चोरी व डकैती के कई घटना को अंजाम दिया गया था। कुछ घटनाओं में यह असफल भी हुए थे। राउरकेला व सुन्दरगढ पुलिश की नाक में गत दो वर्षो से इस अपराधियों के गैंग ने नाक में दम कर रखा था।

### झारखण्ड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच का 22वां स्थापना दिवस आज


# राज्य में चार हजार से अधिक युवा विभिन्न माध्यमों से जनमानस की कर रहे सेवा

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता एवं प्रांतीय महामंत्री युवा सार्थक अग्रवाल ने बताया की 22 जुलाई 2023 को झारखण्ड प्रान्त अपना 22 वा स्थापना दिवस मानाने जा रहा है। 22 जुलाई 2001 को रामगढ़ निवासी गोविदं मेवाड़ ने बतौर संस्थापक अध्यक्ष अपना पदभार संभाला। उसके उपरांत 2004 को केकेंद निवासी प्रवीण गोयल, 2007 में जमशेदपुर निवासी नंदकिशोर अग्रवाल, 2010 में रांची निवासी युवा विनय अग्रवाल, 2013 में स्व. विनय जालन, 2015 में रांची निवासी युवा प्रवीण जैन छाबड़ा, 2016 गिरिडीह निवासी युवा राकेश मोदी, 2018 में रांची निवासी युवा अभिषेक अग्रवाल एवं 2021 में गोविदपुर निवासी नन्दलाल अग्रवाल ने बतौर प्रांतीय अध्यक्ष झारखण्ड प्रान्त को अपनी सेवाए दी एवं राष्ट्रीय स्तर पर झारखण्ड को एक सिरमोर प्रान्त के रूप में स्थापित किया।

उन्होंने बताया कि 2001 में जब झारखण्ड प्रान्त की स्थापना हुई उस समय प्रान्त में करीब 30 शाखाये एवं 4 मंडल थे जिनकी संख्या वर्तमान में 77 शाखाये एवं 6 मंडल के रूप में है। प्रान्त में 4 हजार से अधिक युवा साथी सालो भर 24 गुणा 7 लगातार विभिन्न माध्यमो से अपनी सेवाए जनमानस को दे रहे है। समय-समय पर शाखाओ द्वारा रक्तदान शिविर, कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर, अमृत धारा, स्वस्थ एवं मिशन कैंसर जाग्रति, कैंसर जाँच शिविरों का आयोजन, एम्बुलेंस सेवा, कन्या भूर्ण संरक्षण जागरूकता अभियान, अंगदान, देहदान अभियान, ऑक्सिजन सेवा, व्यक्तिवा विकास एवम समयानुसार विभिन्न कार्यकमो का आयोजन किया जाता है। प्रांतीय महामंत्री युवा सार्थक अग्रवाल ने जानकारी दी की इस सत्र में 8 पूर्वे अध्यक्षों के सम्मान में प्रान्त में 8 दिवसीय कार्यकमो का आयोजन किया गया जिसमे प्रान्त के 30 शाखाओ ने अपनी भागीदारी निभाई एवं 8 दिनों में पुरे प्रान्त में जनसेवा, पर्यावरण, रक्तदान, कन्या भूर्ण संरक्षण, अंगदान देहदान, नारी चेतना, गौऊ सेवा, स्वस्थ्य जाँच शिविर, खेल कूद एवम व्यक्तिवा विकास के क्षेत्र में करीब 250 कार्यकमो का आयोजन किया गया। झारखण्ड प्रान्त के सभी युवा साथी नमन करते है अपने अनमोल धरोहर के रूप में अपने सभी पूर्व अध्यक्षों को जिन्होंने इतना हरा द भरा बागबान बनाया है।

# ESIC अस्पतालों की स्थिति सुधारने का आदेश

### श्रम मंत्री ने किया अस्पतालों का निरीक्षण



**PHOTON NEWS ROURKELA:** राज्य के श्रम मंत्री सारदा प्रसाद नायक ने राउरकेला और राजगांगपुर में रहने वाले श्रमिकों के इलाज के लिए राज्य बीमा कर्मचारी अस्पताल और डिसपेंसरी का निरीक्षण किया। उन्होने राजगांगपुर, कांसबहाल, कलुंगा, झारतरंग, वेदब्यास, मॉडल अस्पताल राउरकेला, सीआईएसएफ कॉलोनी और एफसीआई बालीजुडी अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने अस्पताल में डॉक्टरों व स्टाफ की कमी समेत अस्पताल की तमाम समस्याओं पर नाराजगी जताई। मॉडल हॉस्पिटल में मंत्री और अधिकारी, डॉक्टर और कर्मचारी के साथ सभी विषयों पर चर्चा की। मंत्री सारदा प्रसाद नायक ने अधिकारियों को समस्या के हल करने की हिदायत दी। उन्होंने घोषणा की जल्द ही मॉडल अस्पताल के विभिन्न कमरों और बुनियादी ढांचे की मरम्मत होते ही अस्पताल में बिस्तरों की संख्या 50 से बढ़ाकर 150 कर दी जाएगी। राजगांगपुर की चेयरमैन माधुरी लुगुन, राम मोहन नायक, अमर मोहंती, विकास पान, पिंकू जायवाल, दगंबर मोहंती प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# संसद से उम्मीद

गुरुवार को संसद के मानसून सत्र का आगाज हो गया और इसके साथ ही एक उम्मीद भी जगी है। संसद में मणिपुर मामले में हंगामा होना तय था और हुआ भी, लेकिन संसद सत्र शुरू होने से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जो टिप्पणी आई है, उसका स्वागत किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने मणिपुर हिंसा और दो महिलाओं के साथ बर्बरता संबंधी वायरल वीडियो पर गहरा दुख जताया है। प्रधानमंत्री ने उचित ही कहा कि यह घटना किसी भी समाज के लिए शर्मनाक है। देश शर्मसार हुआ है। लगे हाथ उन्होंने राजस्थान और छत्तीसगढ़ का नाम लेते हुए तमाम राज्यों के मुख्यमंत्रियों से अपील की कि वे महिलाओं के साथ होने वाले अपराध के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। प्रधानमंत्री के बयान की बहुत सार्थकता है। वाकई किसी दोषी को बख्शा नहीं जाना चाहिए। विपक्षी दल इस पूरे मसले पर संसद में चर्चा चाहते हैं और इसमें कोई हर्ज नहीं है। पूर्वोत्तर की हिंसा पर संसद में अनेक बार चर्चा हुई है और उन चचाओं का जमीनी असर भी दिखा है। आज फिर चर्चा की जरूरत है। जाहिर है, आरोप दोहराए जाएंगे, हंगामा भी होगा, पर समाधान तक पहुंचने का यही संसदीय रास्ता है।

जब देश का कोई भी कोना अशांत हो, तब विपक्ष की भूमिका बढ़ जाती है। एकजुट विपक्ष मणिपुर हिंसा पर सरकार से जवाब मांग रहा है, तो आश्चर्य नहीं। किसी भी सत्ता पक्ष से विपक्ष की अपनी उम्मीदें होती हैं और तीखे अंदाज में विपक्ष हमलावर भी होता है। अब यह सत्ता पक्ष पर निर्भर है कि वह सुलह की राह पर चले या संघर्ष को बढ़ने दे। वैसे आज सबसे जरूरी है कि कानून की कड़ाई से पालना हो। यह अक्सर देखा जाने लगा है कि अनेक राजनीतिक दल अपने फायदे के लिए किसी उपद्रव को हवा देते हैं और प्रदेश-देश पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। राजनीति जनसेवा के लिए है और संसद उसका सर्वोच्च मंदिर है। आज मणिपुर पुकार रहा है, तो संसद को सम्मिलित स्वर में प्रतिउत्तर देना चाहिए। संसद का सकारात्मक भाव से चलना जरूरी है, ताकि यहां-वहां चल रहे नाना प्रकार के दुखद विमर्शों से अलग संविधान की रोशनी में यथोचित मंथन हो।

अब 17वीं लोकसभा अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है और देश जिस मोड़ पर है, उसमें संसद का सुखद हस्तक्षेप होना ही चाहिए। 17वीं लोकसभा में कोई आधिकारिक प्रतिपक्ष नहीं है, क्योंकि कोई भी विपक्षी पार्टी 10 प्रतिशत सीट नहीं ले पाई थी। इस नाते भी संसद को चलाना सत्तारूढ़ पार्टी की प्राथमिकता होनी चाहिए। दिल्ली शासन से जुड़े अध्यादेश का मामला भी मिलकर सुलझाना चाहिए। पूरी तरह से सोच-समझकर ही किसी परंपरा की शुरूआत करनी चाहिए, क्योंकि पार्टियां को कभी पक्ष में, तो कभी विपक्ष में बैठना पड़ता है। मणिपुर विवाद के अनेक पहलू हैं, इसका एक बुनियादी पहलू आरक्षण भी है। आरक्षण का विस्तार भी हो रहा है और विवाद भी बढ़ते चले जा रहे हैं। जो सवर्ण है, वह पिछड़ा वर्ग में, जो पिछड़ा वर्ग में है, वह अनुसूचित जाति में और जो अनुसूचित जाति में है, वह अनुसूचित जनजाति में जाना चाहता है। इतना ही नहीं, किसी से आरक्षण साझा न करने का अलोकतांत्रिक दुर्व्यवहार भी बढ़ चला है और यहीं से शुरू होती है मणिपुर जैसी हिंसा। भारतीय संसद ने ही आरक्षण की व्यवस्था शुरू की थी और उसे ही भविष्य का इसका तार्किक प्रारूप भी तय करना है। निहित स्वार्थ की सियासत कम होगी, तभी आरक्षण की पहेली को हम शांति से सुलझा सकेंगे।

# रंग बदलता सागर

जलवायु परिवर्तन पृथ्वी की सतह को नया आकार-प्रकार दे रहा है, यहां तक कि सागर भी अब रंग बदलने लगे हैं। एक ताजा अमेरिकी अध्ययन में बताया गया है कि दुनिया का आधे से अधिक महासागर क्षेत्र हरित होता जा रहा है। साफ संकेत किया गया है कि यह प्रवृत्ति मानव-जनित ग्लोबल वार्मिंग से जुड़ी है। वैज्ञानिक यह पता लगाने में जुटे हैं कि सागर का रंग आखिर हरा क्यों हो रहा है? कुछ स्थानों पर पानी में तैरते प्लवक या अन्य कार्बनिक पदार्थ पाए जा रहे हैं, जिससे बदलाव का पता चलता है। वैज्ञानिकों को लगता है कि इस प्रकार के बदलाव का पूरे समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पड़ सकता है। हरे होते सागर में गहरे शोध के लिए अनेक सवाल तैरने लगे हैं। नेचर पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन यह बताता है कि दुनिया भर में पानी की सतह पर परावर्तित प्रकाश संबंधी 20 वर्षों के उपग्रह डाटा की जांच की गई है। यह सूक्ष्म परिवर्तन जरूरी नहीं कि हर जगह नग्न आंखों से दिखाई दे जाए, पर यह सच है कि दुनिया के 56 प्रतिशत महासागर का रंग बदल रहा है। उपोष्णकटिबंधीय और उष्णकटिबंधीय इलाकों सहित निचले अक्षांशों में यह बदलाव खास तौर पर ज्यादा है।

बदलाव का पता लगाने के लिए शोधकताओं ने एक कंप्यूटर मॉडल का भी उपयोग किया है। इसका भी इशारा यही है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से ऐसा हो रहा है। सागर के रंग संबंधी पुराने आंकड़ों का मिलान नए आंकड़ों से किया गया है। महज 20 वर्ष के समय में बदलाव स्पष्ट दिखता है। अगर यह बदलाव धरती के बढ़ते तापमान की वजह से हो रहा है, तो वैज्ञानिकों को पुख्ता समाधान के साथ सामने आना चाहिए। खतरा कितना भी बड़ा हो, उसके वैज्ञानिक अध्ययन और ठोस उपाय या समाधान बताने में पूरी ईमानदारी रहनी चाहिए। ग्लोबल वार्मिंग को जितना बड़ा खतरा माना जा रहा है, हकीकत उससे कहीं ज्यादा त्रासद है।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



राष्ट्रपति विक्रमसिंघे का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। मैं उन्हें कार्यालय में एक वर्ष पूरा करने और बड़े साहस के साथ श्रीलंका की प्रगति के लिए काम करने पर बधाई देता हूं। श्रीलंका हमारे 'नेबरहुड फर्स्ट' और 'सागर' प्रयासों की कुंजी है और इस प्रकार, हमने द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



राज्य में विधि-व्यवस्था की स्थिति को लेकर आज वरीय पुलिस अधिकरियों के साथ बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया कि पुलिस को जब मैंने काम करने की पूरी छूट दे रखी है तो अपराध नियंत्रण में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**



जब सिंडिकेट के इशारे पर चलने वाले मुख्यमंत्री अपने दागी प्रतिनिधि को हटाने की हिम्मत नहीं दिखा पाए, तो क्या वे पंचायत स्वयंसेवकों को मांगे पूरी करेंगे नहीं। आप संघर्ष जारी रखें। अगली बार भाजपा सरकार के आने पर गांवों में एक बार फिर पंचायत सचिवालयों को मजबूत किया जाएगा। साथ ही पोषण सखी और जल सहिया बहनों को भी उनका अधिकार मिलेगा। आज रांची में पंचायत स्वयंसेवकों से मिला। ये पिछले कई दिनों से अपनी मांगों को लेकर धरने पर हैं।

**(पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के ट्विटर अकाउंट से)**

# टमाटर से सबक ले मार्केट इंटरवेंशन को तैयार रहना जरूरी

ANALYSIS



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

पिछले दिनों ब्रिटेन में एकाएक भाव बढ़ने वाली वस्तुओं को कुछ समय तक नहीं खरीदने की सलाह सरकार द्वारा जारी की गई पर मजे की बात यह है कि हमारे देश में हालिया एक सर्वे के अनुसार टमाटर द्वारा लाल-नीली आंखें दिखाने के बावजूद केवल 15 प्रतिशत लोगों ने टमाटर को कुछ समय के लिए रसोई से बाहर रखने यानी की नहीं खरीदने का निर्णय किया, वहीं 82 फीसदी लोगों ने भले ही महंगा रहा हो पर टमाटर की खरीद से परहेज नहीं किया। दरअसल अब तक का अनुभव यह रहा है कि सीजन में एक समय ऐसा आता है जब टमाटर के मंडियों में भाव लागत तो छोड़ो मंडी में लाने ले जाने की लागत भी पड़ता नहीं खाती और हाइवे के किनारों पर टमाटर के ढेर के ढेर बिखरे हुए देखे जाते रहे हैं। हालांकि करीब-करीब इस समय टमाटर के भाव बढ़ते हैं पर इतने अधिक भावों में तेजी पहले लगभग नहीं ही देखी गई है। वैसे तो टमाटर की खेती समूचे देश में होती है पर आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा, गुजरात, पश्चिमी बंगाल आदि प्रमुख टमाटर उत्पादक प्रदेश हैं। दुनिया में टमाटर के उत्पादन में चीन शीर्ष पर है और एक मोटे अनुमान के अनुसार चीन में टमाटर का 5 करोड़ 64 लाख टन से अधिक सालाना उत्पादन होता है।



लगभग हर साल अन्नदाता को रुलाने वाले टमाटर ने इस बार आम नागरिकों खासकर गृहणियों को बुरी तरह से झकझोर के रख दिया है। अब तक अनुभव यही रहा है कि प्याज आम उपभोक्ताओं को रुलाता रहा है तो सरकार बनने-बनाने में भी प्याज की अहम भूमिका रही है। संभवतः यह पहला मौका होगा जब टमाटर ने भाव दिखाये हैं और यहां तक कि देश के अधिकांश हिस्सों में टमाटर के भाव डेढ़ सौ से दो सौ रुपये तक को छूने व कई स्थानों पर तो इससे अधिक आसमान छूने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। हालात यहां तक देखने को मिले हैं कि मंडियों से टमाटर चोरी हुआ। सुरक्षा के लिए बॉक्सर्स की सेवाएं ली गईं। हालांकि अब टमाटर के भावों में उतार का दौर शुरू हो गया है। केन्द्र सरकार भी एनसीसीएफ और नैफेड के माध्यम से आगे आई है। संभवतः अदरक के भाव भी चार सौ रुपये के आसपास जाने का यह पहला रिकार्ड होगा पर टमाटर ने सीधे-सीधे आम आदमी को प्रभावित किया है। पिछले दिनों ब्रिटेन में एकाएक भाव बढ़ने वाली वस्तुओं को कुछ समय तक नहीं खरीदने की सलाह सरकार द्वारा जारी की गई पर मजे की बात यह है कि हमारे देश में हालिया एक सर्वे के अनुसार टमाटर द्वारा लाल-नीली आंखें दिखाने के बावजूद केवल 15 प्रतिशत लोगों ने टमाटर को कुछ समय के लिए रसोई से बाहर रखने यानी की नहीं खरीदने का निर्णय किया, वहीं 82 फीसदी लोगों ने भले ही महंगा रहा हो पर टमाटर की खरीद से परहेज नहीं किया। दरअसल अब तक का अनुभव यह रहा है कि सीजन में एक समय ऐसा आता है जब टमाटर के मंडियों में भाव लागत तो छोड़ो मंडी में लाने ले जाने की लागत भी पड़ता नहीं खाती और हाइवे के किनारों पर टमाटर के ढेर के ढेर बिखरे हुए देखे जाते रहे हैं। हालांकि करीब-करीब इस समय टमाटर के भाव बढ़ते हैं पर इतने अधिक भावों में तेजी पहले लगभग नहीं ही देखी गई है। वैसे तो टमाटर की खेती समूचे देश में होती है पर आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा, गुजरात, पश्चिमी बंगाल आदि प्रमुख टमाटर उत्पादक प्रदेश हैं। दुनिया में टमाटर के उत्पादन में चीन शीर्ष पर है और एक मोटे अनुमान के अनुसार चीन में टमाटर का 5 करोड़ 64 लाख टन से अधिक सालाना उत्पादन होता है। चीन के बाद भारत टमाटर का सबसे अधिक यानी की दूसरे नंबर का प्रमुख उत्पादक प्रदेश है। मोटे अनुमान के अनुसार देश में करीब चार लाख टन टमाटर का सालाना उत्पादन होता है। यदि कुछ दिनों को छोड़ दिया जाए तो टमाटर के भावों को लेकर इतनी मारामारी नहीं रहती है। पर इस साल तो टमाटर ने सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। टमाटर दक्षिण अमेरिका के एंडीज और मैक्सिको से स्पेनिस कॉलोनीज होते हुए दुनिया के देशों में पहुंचा है। बदलते समय में कम से कम हमारे देश में छाछ, केरी, अमचूर, काचरी आदि परंपरागत खटाई की जगह सभी सब्जियों में टमाटर ने बना ली है। टमाटर के बिना सब्जी के स्वाद की कल्पना लगभग नहीं के बराबर रह गई है तो दूसरी और टमाटर कैचअप, प्यूरी और शॉश का अपना बड़ा बाजार विकसित हो चुका हैं। दरअसल औषधीय गुण के कारण भी टमाटर की मांग बढ़ी हैं। टमाटर में विटामिन सी, बी, के के साथ ही कोलिन आदि प्रचुर मात्रा में हैं। इसलिए स्वास्थ्य की दृष्टि से भी टमाटर की अपनी अहमियत है। प्याज-टमाटर ऐसे हैं जो आलू आदि दूसरी सब्जियों के साथ तो काम आते ही हैं केवल और केवल टमाटर और प्याज ही ऐसे हैं जो गरीब से गरीब की थाली में लगावन का काम करता है तो अमीर से अमीर की रसोई भी इनके बिना अधूरी है। ऐसे में टमाटर के भाव आसमान छूने से सीधे-सीधे आम आदमी का प्रभावित होना स्वाभाविक है। अब सवाल दो टके का यह हो जाता है कि ऐसी सरकारों की क्या बाध्यताएं होती हैं कि एकाएक भाव बढ़ने पर आम नागरिकों को भगवान के भरोसे छोड़कर किनारे हो जाती है। हालांकि लाख उत्पादन बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हो पर अभी भी देश में फसलोत्तर आधारभूत संरचनाओं की कमी बरकरार है। यही कारण है कि किसानों को मजबूरन अपने उत्पाद को सड़क के हवाले करना पड़ता है। हर हालात में फायदा होता है तो केवल और केवल बिचौलियों को होता है। पहले कृतिम अभाव पैदा किया जाता है और फिर कोल्ड स्टोरेज से थोड़ी मात्रा में बाजार में लाया जाता है ताकि ज्यों -ज्यों भाव बढ़ते जाएं त्यों-त्यों इनका मुनाफा बढ़ता जाए और आम आदमी पिसता चला जाए। आखिर ऐसा क्यों होता है? यह इसलिए भी जरूरी हो जाता है कि सरकार की बाजार पर निगरानी रखने वाली टीम आखिर क्या करती रहती है। सरकार के पास बुआई से लेकर उत्पादन तक के आंकड़े रहते ही हैं, इसके साथ ही कोल्ड स्टोरेज में जमा की भी जानकारी रहती है। फिर ऐसे कौन से कारण होते हैं कि एक समय खुदरा में दस से बीस रुपये किलो बिकने वाला टमाटर दो सौ के आंकड़े को छू जाता है। यह टमाटर ही नहीं आलू, प्याज, लहसुन आदि सभी पर लागू होता है। अब तो सरकार द्वारा बागवानी फसलों के लिए रेल भी चला दी गई है। इससे बागवानी फसलों को एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाना आसान हुआ है। पर अभी इस दिशा में बहुत कुछ किया जाना है। कोल्ड स्टोरेज की चेन बनानी होगी तो वातानुकूलित कंटेनरों की व्यवस्था भी सरकार को करनी होगी। टमाटर के भावों में तेजी के साथ ही एक बात साफ हो गई है कि सरकार का कहीं ना कहीं बाजार निगरानी तंत्र कमजोर है। पूरे देश में टमाटर के भावों को लेकर हाहाकार मचा तब जाकर नेफैड और एनसीसीएफ की नींद खुली, नहीं तो बाजार आकलन के अनुसार पहले ही इन्हें सतर्क हो जाना चाहिए था। बाजार हस्तक्षेप पहली आवश्यकता है। उत्पादक किसान और उपभोक्ता आम आदमी दोनों के ही हितों की रक्षा करना जरूरी हो जाता है। दूसरे ऐसी परिस्थितियों में सरकार की प्रजेंस मात्र से ही हालात में सुधार होने लगते हैं। साफ है सरकार के 80 रुपये किलो टमाटर उपलब्ध कराने के दूसरे दिन से ही कौन सा कमाल हो गया कि मंडियों में भाव नीचे आ गए। इसलिए समय रहते बाजार हस्तक्षेप जरूरी हो जाता है। अन्यथा कालाबाजारी और जमाखोरी को बढ़ावा मिलता है और उत्पादक और उपभोक्ता दोनों ही पिसते हैं। सरकार की बदनामी का कारण बनता है वह अलग। इसलिए एक प्रोएक्टिव टीम होनी चाहिए जो बाजार के हालातों पर नजर रखे और अप्रत्याशित होने से पहले ही बाजार के हालातों को नियंत्रण में ले सके ताकि आम नागरिक जमाखोरों के चंगुल में न आ सके। दरअसल मार्केट इंटरवेंशन के लिए सरकार समय पर सक्रिय हो जाए तो मुनाफाखोरों और जमाखोरों को आसानी से सबक सिखाया जा सकता है वहीं आम नागरिकों को भी समय पर राहत मिल सकती है। इसके लिए मार्केट इंटरवेंशन की सख्त नीति के साथ ही बाजार की मांग के अनुसार समय पर फैसले लेने होंगे ताकि बाजार पर मुनाफाखोरों और जमाखोरों का नियंत्रण नहीं हो सके।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# मित्रता के आकाश पर राफेल की ऊंची उड़ान

भारतीय वायुसेना ने यूपीए सरकार के समय ही राफेल विमानों की खरीदा को अपरिहार्य बताया था। यह भी कहा गया था कि फ्रांस के साथ यह सौदा बिना समय गंवाए करना चाहिए। चीन की रक्षा तैयारियों के दृष्टिगत भारत को देर नहीं करनी चाहिए। लेकिन यूपीए सरकार इस पर कोई निर्णय नहीं कर सकी। नरेन्द्र मोदी सरकार ने वायुसेना और रक्षा विशेषज्ञों के सुझाव को गंभीरता से लिया। राफेल सौदे को पूरा किया गया। लेकिन इस पूरी प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस का हंगामा हैरान करने वाला रहा। चीन हमारा शत्रु है। वह नहीं चाहता था कि भारत को राफेल मिले। उसे पता था कि इससे भारतीय वायुसेना की ताकत बढ़ जाएगी। कांग्रेस ने भी राफेल सौदे पर निशाना लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। लेकिन नरेन्द्र मोदी राष्ट्रहित में जो उचित समझते हैं, वही करते हैं। ऐसे विषयों पर विपक्षी हंगामे को वह नजरअंदाज करते हैं। राफेल सौदा भी सम्पन्न हुआ। तब भारत को छत्तीस राफेल मिले थे। उस अवसर पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह फ्रांस गए थे। उन्होंने भारतीय परम्परा के अनुरूप राफेल विमान का पूजन किया था। उस पर स्वास्तिक बनाया था। वैसे भारत की विपक्षी पार्टियों को यह भी पसन्द नहीं आया था। अब फिर राफेल की उड़ान आगे बढ़ी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फ्रांस यात्रा सामरिक दृष्टि से भी बहुत उपयोगी रही। फ्रांस के साथ भारत के नब्बे हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदे हुए। चीन और पाकिस्तान पहले की तरह फिर परेशान हुए। इस समझौते के अंतर्गत भारत को 26 राफेल लड़ाकू विमान मिलेंगे।इसके अलावा तीन स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों को भारत में बनाने पर सहमति बनी। इंडो-पैसेफिक क्षेत्र में चीन की गतिविधियों को देखते हुए भारत को भी रक्षा जरूरतों को पूरा करना था। भारतीय नौसेना ने आईएनएस विक्रांत पर तैनाती के लिए 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमान खरीदने की सिफारिश की थी। नरेन्द्र मोदी की यात्रा से भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक और राजनीतिक सम्बन्ध सुदृढ़ हुए हैं। हिंद प्रशांत क्षेत्र और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और फ्रांस समान हित हैं। दोनों इस क्षेत्र में साझा रणनीति पर अमल के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस प्रतिबद्धता के चलते भारत के विरोधी देशों को फ्रांस कोई हथियार नहीं देता है। इतना ही नहीं वह भारत विरोधियों के साथ मंच भी साझा नहीं करता है। प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस यात्रा और 26 राफेल की चर्चा ने पुराना प्रसंग ताजा कर दिया। तब कांग्रेस के रुख से साफ था कि वह राफेल सौदे को पूरा नहीं होने देगी। कांग्रेस लगातार बाधा पैदा कर रही थी। चौकीदार चोर के नारे लगवाये जा रहे थे। निराधार सवाल पूछे जा रहे थे। सरकार सभी का तथ्यों के आधार पर जबाब दे रही थी। लेकिन कांग्रेस का मकसद तो हंगामा करना था। तब राफेल डील में एचएएल से निर्मित होने वाले लड़ाकू विमान की गारंटी लेने से मना कर दिया था। इस ऑफसेट पार्टनर नीति को पूर्व की यूपीए सरकार ने 2013 में बनाया था। राहुल अपनी सरकार के निष्फल दाम बता कर बहुत खुश होते हैं। लेकिन खरीदने में नाकाम क्यों रहे, इस सवाल का कोई जबाब नहीं देते। कांग्रेस सरकार पहले ही दस वर्ष की देर कर चुकी थी, इसलिए नरेन्द्र मोदी सरकार को इन पर तेजी से कार्य करना पड़ा। वर्ष 2016 में जो सौदा हुआ, उसके आधार पर बेयर एयर क्राफ्ट अर्थात युद्धक प्रणालियों से विहीन विमान का दाम यूपीए की कीमत से नौ प्रतिशत कम था और हथियारों से युक्त विमान यूपीए की तुलना में भी बिल प्रतिशत सस्ता था। कहा गया कि कांग्रेस को आफसेट के बारे में भी पता नहीं है। आफसेट का मतलब है कि किसी विदेशी से सौदा करते हैं तो कुछ सामान अपने देश में खरीदना होता है। राफेल में तीस से पचास प्रतिशत सामान भारत में खरीदने की बात है। कुल आफसेट उनतीस हजार करोड़ रुपये का है जबकि, राहुल एक लाख तीस करोड़ होने का आरोप लगा रहे है। आफसेट तय करने का काम विमान तैयार करने वाली कंपनी का है। राहुल गांधी राफेल खरीद प्रक्रिया जानने को बेताब थे। उसका भी जवाब मिल चुका था राफेल की खरीद के दौरान पूरी प्रक्रिया का पालन किया गया। अनुबंधन वार्ता समिति, कीमत वार्ता समिति आदि की चौहत्तर बार बैठकें हुई। सुप्रीम कोर्ट को इसकी जानकारी दी गई। इसके बाद यह रक्षा खरीद परिषद में गया और फिर सुरक्षा संबंधी मंत्रिमंडल समिति की मंजूरी ली गई। यूपीए के रक्षामंत्री ने पूरी प्रक्रिया के बाद कहा था कि इस पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। इसका जबाब राहुल को देना चाहिए था। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद राहुल के सभी सवाल बेमानी हो गए थे। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार सरकार ने उसे विमानों के दाम सीलबंद लिफाफे में दिए थे। उसने इन्हें देखा और वह संतुष्ट है। कोर्ट ने फैसला दिया इस मामले में हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। राहुल गांधी ने राफेल पर जितने भी सवाल उठाए थे, उनका अनेक बार जबाब आ चुका था। फ्रांस सरकार ने उनकी बात को झूठा बताया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राफेल डील में कुछ भी गलत नहीं हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद राहुल गांधी से सच्चाई स्वीकार करने की अपेक्षा थी। राहुल चिल्ला रहे थे कि चौकीदार चोर है। लेकिन वह यह नहीं बता रहे थे कि नेशनल हेराल्ड,अगस्ता वेस्टलैंड से संबंधित लोगों को क्या कहा जाए। कुछ भी हो नरेन्द्र मोदी सरकार ने तब संकल्प से सिद्धि का प्रमाण दिया। पहले छत्तीस विमान भारतीय वायुसेना में शामिल हुए थे। अब छब्बीस विमान और शामिल होंगे। भारत और फ्रांस ने साझा बयान में कहा कि अफ्रीका, हिंद महासागर क्षेत्र, दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्वी एशिया के देशों में विकास के लिए दोनों देश मिलकर काम करना जारी रखेंगे। दोनों देश स्वतंत्र, मुक्त, समावेशी और सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अस्तित्व में विश्वास करते हैं।

# जिन्हें डांटकर कुरसी से उठा दिया गया

तब गुरुकुलों की हालत बहुत पतली हो चली थी और आधुनिक शिक्षा भी सौ में से तीन ही लोग हासिल कर पाते थे। पढे-लिखों का बड़ा जलवा होता था। वह युवा विद्यार्थी भी पढ़ाई का महत्व जान गए थे। उस जमाने में मैट्रिक पास करके लाहौर के कॉलेज जाने लगे थे। वह एक दिन गणितीय समस्या में उलझकर टहल रहे थे, तो कुछ भटक गए, एक कोने पर पैर फिसला, तो सीधे कुएं में जा गिरे। डूबने लगे, लगा कि इहलीला समाप्त हो गई, पर मकान मालिक के पुराने नौकर के कानों में पानी की आवाज जा पड़ी और वह बचाने के लिए दौड़ आया। उस दिन पढ़ाई और अपनी जिंदगी पर गुमान कुछ बढ़ गया। पिता छोटे दारोगा थे, तो बेटे का रुतबा भी बड़े दारोगा से कम न था। कभी यहां-वहां जाते रहते थे कि कोई ढंग की नौकरी मिल जाए, तो परिवार के काम आएं। एक दिन परिवार के पुजारी चाचा से मिलने जाने का मौका मिला। वह चाचा लाहौर में कार्यकारी अभियंता के कार्यालय में कार्यरत थे। चाचा कहीं गए हुए थे, तो इंतजार करना पड़ा। बैठने के लिए पक्का चबूतरा था, गरमी से तप रहा था, तो विद्यार्थी महोदय वहां रखी एक खाली कुरसी पर जा विराजे। कुरसी बड़ी आरामदेह थी। जब कार्यालय के लोगों की नजर पड़ी, तो हल्ला गूंज उठा। तभी पुजारी चाचा भी आ गए। उन्होंने बुरी तरह से डांटना शुरू कर दिया और कहा कि तत्काल कुरसी से उठ जाओ। सब मिलकर डांटने-सुनाने लगे, पर विद्यार्थी को अजीब लगा। पूरे जोश में जवाब दिया, ह्यएक कुरसी ही तो है, मैं क्यों नहीं बैठ सकता? अभी नहीं बैठ सकता, तो एक दिन बैठकर दिखाऊंगा।ह्ण लोग हंस रहे थे कि ये बनेगा अभियंता और बैठेगा इस कुरसी पर? पर विद्यार्थी बिना नाराजगी शांत भाव से घर की ओर लौट चले। पीछे कार्यालय से कुछ दूर तक उपहासपूर्ण हंसी सुनाई पड़ती रही। कहा गया है कि समझदार लोग अपमान को प्रेरणा में बदल देते हैं, और यही हुआ। विद्यार्थी ने खुद को गणित में डुबो दिया। जब कोई खूब मेहनत करता है, तो विनम्र हो जाता है और कुछ नया सीखना-जानना बहुत आसान हो जाता है। कड़ी मेहनत के नतीजे अच्छे आए, रुड़की स्थित तत्कालीन थॉमसन इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश मिल गया। उस जमाने में पचास रुपये मासिक वजीफा भी मिलने लगा। कॉलेज में 25 रुपये में काम चल जाता था, तो वह 25 रुपये अपने परिवार के लिए भेज देते थे। उदारता और कुशलता से अंग्रेज व गैर-अंग्रेज मित्रों की लंबी-चौड़ी फौज बन गई थी। देखते-देखते पढ़ाई पूरी हुई, सरकारी नौकरी मिली। पहुंच गए लाहौर के उसी कार्यालय में, जहां से उपहास उड़ाते हुए एक दिन भगाया गया था। कभी हंसने वाले नजरें झुकाकर सलाम करते थे कि कार्यकारी अभियंता सर गंगा राम अग्रवाल जी (1852-1927) जा रहे हैं। जिस कुरसी पर कभी पांच मिनट भी ठहरने नहीं दिया गया था, उसी पर सर गंगा राम बारह साल विराजमान रहे। एक से बढ़कर एक शानदार भवन बनाए। एक नया लाहौर बना दिया। खूब कमाते थे और जरूरतमंदों की सेवा में खूब खर्च करते थे। एक से बढ़कर एक रिकॉर्ड उनके नाम दर्ज हैं। घोड़ा रेलगाड़ी सेवा, पनबिजली पंप से हजारों एकड़ बंजर खेतों को उपजाऊ बना देना। बनारस से दिल्ली और लाहौर तक अनेक आश्रम, अस्पताल, स्कूल, संस्थान, कार्यालय उन्होंने बनवाए। उत्तम सेवा और बेमिसाल निर्माण कला ने उन्हें महापुरुषों में ला खड़ा किया। भावुक इतने थे कि कविता पढ़कर रो पड़ते थे। एक बार अल्ताफ हुसैन हाली की विधवाओं की दुर्दशा पर लिखी नज्म उनके हाथ लगी, ऐ मिरे जोर और कुदरत वाले/ हिकमत और हुकूमत वाले.../ अपने पराए की धुत्कारी/ मैके और ससुराल पे भारी/ सह के बहुत आजार चली हूं/ दुनिया से बेजार चली हूं। फिर क्या था, उन्होंने विधवाओं की सुविधा और जीवन में सुधार के लिए अपना खजाना खोल दिया।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



आमतौर पर बरसात के शुरू होने के बाद नदियां उफनाने लगती हैं। अन्य जलाशय लगबालब होने लगते हैं। इस साल ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है। एक तो मानसून के आने में विलंब हुआ। उसके बाद बारिश शुरू हुई। रुक-रुककर बारिश हो रही है लेकिन जलाशयों के जलस्तर में कोई खास फर्क नजर नहीं आ रहा है। इससे उन लोगों की उम्मीदों पर भी पानी फिर रहा है जो बरसात का इंतजार इसलिए कर रहे थे कि इसके बाद जलसंकट की समस्या से निजात मिल जाएगी। यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि राजधानी के आसपास की नदियां अब अपने प्राकृतिक स्वरूप में नहीं रहीं। अतिक्रमण की मार से कराह रही हैं। रही-सही कसर उन नाले-नालियों ने पूरी कर दी है जो नदियों में गंदा पानी धकेल रही हैं। मामला गंभीर है। अभी से नदियों को बचाने उन्हें उनका प्राकृतिक स्वरूप लौटाने के लिए संकल्पपूर्वक काम करना होगा। यह काम सिर्फ सरकार के भरोसे नहीं हो सकता। आम लोगों, सामाजिक संगठनों को भी इसके लिए आगे आना होगा। पहल करनी होगी। यह एक अच्छी बात है कि स्वर्णरेखा नदी एवं हरमू नदी को बचाने के लिए गंगा महासभा की ओर से पहल की जा रही है। संस्था की ओर से उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कहा गया है कि नदियों में कई गंदे नाले गिर रहे हैं। स्थानीय नगर निकाय एसटीपी प्लांट लगाए ताकि नदियों को प्रदूषण से बचाया जा सके। अतिक्रमण के कारण नदियां नाले का रूप ले चुकी हैं। कुछ विलुप्त होने के कगार पर आ गई हैं। नदी की भूमि नदी की ही रहनी चाहिए। अगर सभ्यता को बचाना है तो नदियों को बचाना होगा। इस तरह की पहल की सराहना की जानी चाहिए। बल्कि जागरूक लोगों को ऐसे प्रयास और करने चाहिए।

**रूना शुक्ला, अधिवक्ता सह समाजसेवी रांची।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# जय शाह ने आधिकारिक कार्यक्रम से पहले साझा किया एशिया कप 2023 का शेड्यूल, पीसीबी ने जताया ऐतराज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप 2023 का शेड्यूल एएशियन क्रिकेट कार्उंसिल (एसीसी) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मिलकर जारी कर दिया है। इस शेड्यूल के मुताबिक इस बार टूर्नामेंट हाईब्रिड मॉडल में होगा। टूर्नामेंट में इस बार पाकिस्तान और श्रीलंका में मुकाबले खेले जाएंगे।

वहीं अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस शेड्यूल को जारी करने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की है। लाहौर में आधिकारिक समारोह से पहले आगामी एशिया कप 2023 के कार्यक्रम का खुलासा करने के लिए बीसीसीआई सचिव और एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष जय शाह से पीसीबी ने नाराजगी व्यक्त की।

जानकारी के मुताबिक पीसीबी ने 19 जुलाई को लाहोर में इवेंट के जरिए एशिया कप के शेड्यूल को जारी करने की तैयारी की थी। इस दौरान ट्रॉफी का उद्घाटन भी किया



जाना था। इस कार्यक्रम में पाकिस्तान के कुछ पूर्व क्रिकेटरों और ज़का अशरफ की अध्यक्षता वाली पीसीबी क्रिकेट प्रबंधन समिति (सीएमसी) की उपस्थिति थी।

वहीं पाकिस्तान ने आरोप लगााया है कि इस कार्यक्रम की शुरुआत से महज 30 मिनट पहले ही एसीसी अध्यक्ष जय शाह ने शाह ने एशिया कप कार्यक्रम की घोषणा सोशल मीडिया के जरिए कर दी। इससे पीसीबी असंतुष्ट और निराश महसूस कर रहा है। पीसीबी ने कहा कि इस तरह कुछ समय पहले एशिया कप के शेड्यूल को जारी करना सही नहीं है। इस मामले पर एसीसी की ओर से कहा गया है कि भारत और पाकिस्तान के समय में आधे घंटे का फर्क है। ऐसे में 30 मिनट की जल्दी इस फर्क के कारण ही हुई है।

## दो सितंबर से होगी शुरुआत

भारत बुधवार को एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार एशिया कप में अपने अभियान की शुरुआत दो सितंबर को कैंडी में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से करेगा जबकि 10 सितंबर को कोलंबो में सुपर चार चरण में उसका सामना फिर अपने इस चिर प्रतिद्वंद्वी से होगा। ऐसा भी मौका बन सकता है कि 15 दिन के अंदर भारत-पाक तीसरी बार एक दूसरे के आमने सामने हों और ऐसा दोनों टीमों के 17 सितंबर को प्रेमदासा स्टेडियम में होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की स्थिति में हो सकता है।

छह टीमों का यह एक दिवसीय टूर्नामेंट 30 अगस्त से मुल्तान में आरंभ होगा जिसमें मेजबान पाकिस्तान का सामना नेपाल से होगा। यह टूर्नामेंट आईसीसी विश्व कप की तैयारियों के लिए अहम होगा। एशिया कप 'हाइब्रिड मॉडल' के आधार पर खेला जा रहा है जिसमें चार मैच पाकिस्तान में खेले जायेंगे जबकि फाइनल सहित नौ अन्य मुकाबले श्रीलंका के कैंडी और कोलंबो में आयोजित होंगे। भारत के अलावा पाकिस्तान और नेपाल ग्रुप ए में शामिल हैं जबकि अफगानिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश ग्रुप बी की टीमें हैं। एसीसी अध्यक्ष जय शाह ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि पहले दौर के बाद पाकिस्तान इसमें ए1 और भारत ए2 टीम बना रहेगा, भले ही उनके स्थान कोई भी रहें। अगर इन दोनों में से कोई भी टीम क्वालीफाई नहीं करती है तो नेपाल उनकी जगह लेगा। इसी तरह ग्रुप बी में श्रीलंकाई टीम बी1 और बांग्लादेश बी2 टीम हेगी।

# कोरिया ओपन के सेमीफाइनल में सात्विक-चिराग



**योसु (कोरिया) (एजेंसी)।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को जापान के युगो कोबायाशी और ताकुरो होकी को हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। सात्विक-चिराग ने अपने जापानी प्रतिद्वंदियों को 21-14, 21-17 से हराने के लिए सिफ 40 मिनट का समय लिया।

सेमीफाइनल में विश्व नंबर तीन भारतीय जोड़ी विश्व नंबर दो चीन के लियांग वेंग किंग और वांग चैंग से भिड़ेगी। यह कोबायाशी और होकी के विरुद्ध सात्विक-चिराग की तीसरी जीत थी जिसके लिए उन्हें ज़रा भी मशक्कत नहीं करनी पड़ी। इस मुकाबले का मुख्य आकर्षण सात्विक का आक्रामक रवैया रहा जिन्होंने एक बार फिर 500 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से स्मैश मारा। पहले गेम में स्कोर जब 5-5 पर बराबर था तब भारतीय युगल ने आक्रामक रुख अपनाते हुए ब्रेक तक 11-6 की बढ़त बना ली।

जापान ने ब्रेक के बाद वापसी करनी चाही लेकिन सात्विक के स्मैश की मदद से भारतीय जोड़ी ने पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में जापानी युगल ने बेहतर अनुशासन दिखाया, हालांकि भारतीय जोड़ी 11-9 की बढ़त बनाने में कामयाब रही। सात्विक-चिराग जब 14-9 से आगे थे तब कोबायाशी-होकी ने संघर्ष करते हुए स्कोर 16-16 पर बराबर कर लिया। भारतीय युगल ने इसके बाद अपने जापानी प्रतिद्वंदियों को सिर्फ दो अंक लेने दिए और सीधे सेटों में मुकाबला जीत लिया।

# आयरलैंड सीरीज के लिए भारत को मिलेगा नया टी20 कप्तान, हार्दिक पांड्या को मिलेगा आराम

**स्पोर्ट्स डेस्क (एजेंसी)।** भारतीय टीम 18 अगस्त से शुरू होने वाली तीन मैचों की ञ्20द्ध श्रृंखला के लिए आयरलैंड का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आयरलैंड का दौरा करने के लिए भारत की दूसरी पंक्ति की टीम उतारने की उम्मीद है। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को तीन मैचों की श्रृंखला के लिए टीम का नेतृत्व करने की उम्मीद थी। हालांकि हालिया रिपोर्टों से पता चला है कि पांड्या को आराम दिया जा सकता है, इसके पीछे उनका कार्यभार मुख्य कारण है।

पांड्या का कार्यभार प्रबंधन भारतीय टीम के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो सकता है, क्योंकि वह आगामी विश्व कप टीम और एशिया कप 2023 का भी अभिन्न हिस्सा हो सकते हैं। इस मामले की जानकारी रखने वाले बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है और सब कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज के बाद पांड्या कैसा महसूस कर रहे हैं।

रिपोर्ट में बीसीसीआई सूत्र के हवाले से कहा गया, पांड्या का कार्यभार प्रबंधन भारतीय टीम के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो सकता है, क्योंकि वह आगामी विश्व कप टीम और एशिया कप 2023 का भी अभिन्न हिस्सा हो सकते हैं। इस मामले की जानकारी रखने वाले बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है और सब कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज के बाद पांड्या कैसा महसूस कर रहे हैं।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में सिर्फ विराट कोहली ने ही नहीं रोहित शर्मा ने भी बनाया है शानदार रिकॉड...

**पोर्ट ऑफ स्पेन (एजेंसी)।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ना सिर्फ शानदार कप्तान है बल्कि वो बेहतरीन ओपनर भी है। रोहित शर्मा उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शुमार हैं जो खिलाड़ियों की धज्जियां उड़ाने में सक्षम है। वर्तमान में वेस्ट इंडीज के खिलाफ सीरीज में रोहित शर्मा दमदार फॉर्म में खेल रहे है। इस सीरीज में उनके बल्ले से धडल्ले से रन निकल रहे है। दूसरे टेस्ट मैच में रोहित शर्मा भले ही शतक लगाने से चूक गए मगर अर्धशतक की बदौलत भी उन्होंने कई खास रिकॉर्ड बनाए।

दूसरे टेस्ट मैच में यशस्वी जायसवाल के साथ मिलकर रोहित शर्मा ने पहले विकेट के लिए 139 रन बनाए। रोहित शर्मा ने इस मैच में 80 रन बनाए और पवेलियन लौट गए। भले ही रोहित शर्मा अपने टेस्ट करियर की एक और टेस्ट सेंचुरी नहीं बना सके मगर इस दौरान उन्होंने शानदार रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। रोहित शर्मा ने मैच में अर्धशतक जड़ते ही वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 2000 रन पूरे किए है। तीनों फॉर्मे में 2000 से अधिक रन बनाने वाले तीसरे ओपनर भी रोहित शर्मा बन गए है। ओपनर के तौर पर 2000 रन बनाने में सिर्फ डेविड वार्नर और मार्टिन गुप्टिल के नाम है। रोहित शर्मा ने टेस्ट में



ओपनिंग करते हुए दो हजार रन पूरे किए है। इस रिकॉर्ड को बनाकर उन्होंने पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर और गौतम गंभीर को पछाड़ दिया है।

बता दें कि रोहित शर्मा ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 2000 रन 40 पारियों में पूरे किए है। उन्होंने इस रिकॉर्ड को बनाकर श्रीलंका के दिमुथ करुणारत्ने और ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड को पछाड़ा है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में सर्वाधिक तेजी से 2000 रन मार्नस लाबुशेन ने बनाए है।

# महिला विश्व कप : स्पेन ने कोस्टा रिका को 3-0 से हराया

वेलिंगटन। स्पेन ने पहले हाफ में चार मिनट के अंदर तीन गोल करके महिला फुटबॉल विश्व कप मुकाबले में कोस्टा रिका पर 3-0 से जीत हासिल की। स्पेन की दो बार की 'बलोन डि ओर' विजेता एलेक्सिस पुतेलास 77वें मिनट में मैदान में उतरी लेकिन तब तक टीम की जीत सुनिश्चित हो चुकी थी। स्पेन ने वालेरिया डे कैम्पो के 21वें मिनट में आत्मघाती गोल की मदद से बढ़त हासिल की। फिर ऐताना बोनमाटी ने 23वें और ईस्थर गोंजालेज ने 27वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को 3-0 से आगे कर दिया और यह बढ़त अंत तक बरकरार रही।



# पहले टेस्ट में दोहरा शतक नहीं लगा पाने से निराश हैं यशस्वी

पोर्ट आफ स्पेन । टीम इंडिया के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने पदार्पण टेस्ट में ही शानदार प्रदर्शन कर शतक लगाया है। इसके बाद दूसरे टेस्ट में भी इस बल्लेबाज ने अर्धशतक लगाया। इसके बाद भी यशस्वी अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं हैं। इस बल्लेबाज ने कहा कि उन्हें पहले टेस्ट में दौहरा शतक नहीं लगाने का दुख है।



यशस्वी ने इस मैच में 171 रन बनाये थे और वह दोहरे शतक के बेहद करीब पहुंच गये थे। यशस्वी ने कहा कि कप्तान रोहित रोहित शर्मा के साथ बल्लेबाजी करने का अनुभव अच्छा रहा है। वह लगातार बताते हैं कि किस प्रकार से खेलना है और कब क्या किया जा सकता है। साथ ही कहा कि उन्हें पहले टेस्ट में दोहरा शतक नहीं लगाने का दुख है। यशस्वी ने कहा कि दोहरा शतक पूरा नहीं करने के कारण मैं निराश हूं पर ये होता है। मुझे हर अनुभव से सीखना है। जब भी बल्लेबाजी करूं तो लंबी पारी खेलने की कोशिश करूं। इस दौरान में दबाव का, हालात का, विकेट का और माहौल का हर चीज का आनंद ले रहा हूं। उन्होंने कहा कि मेरी सफलता का राज हर किसी के अनुभव से सीखना रहा है पर मैं वही करता हूं जो मुझे अच्छा लगता है। वहीं अनुभवी बल्लेबाज राहुल द्रविड़, विराट कोहली और बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ से मिली सलाह के बारे में यशस्वी जायसवाल ने कहा कि हर किसी का चीजों को बताने का अपना तरीका है और अपना अनुभव है। मैं सभी की सुनता हूं और जो मेरे खेल के अनुकूल होता है, वह करता हूं। उन्होंने कहा कि अनुभवी खिलाड़ी जब बोलते हैं, तो सीखने के लिए बहुत कुछ होता है। मैं उसे सुनता हूं और अपने खेल के अनुरूप उसे अपनाने की कोशिश करता हूं।

# विनेश-बजरंग को एशियाड ट्रायल में छूट का मामला हाई कोर्ट पहुंचा, शनिवार को होगा फैसला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया को एशियाई खेलों के लिये चयन ट्रायल से मिली छूट को चुनौती देने वाली याचिका पर 22 जुलाई को फैसला सुनाया जाएगा।

न्यायाधीश सुब्रहमण्यम प्रसाद ने अंडर 20 विश्व चैम्पियन अंतिम पंघाल और अंडर 23 एशियाई चैम्पियन सुजीत कलकल की याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुरक्षित रखा। उन्होंने कार्यवाही के दौरान कहा, 'अदालत का काम यह पता लगाना नहीं है कि कौन बेहतर है। हमारा काम यह सुनिश्चित करना है कि प्रक्रिया का पालन हुआ या नहीं।' फोगाट (53 किलो) और पूनिया (65 किलो) को भारतीय ओलंपिक संघ की तदर्थ समिति ने मंगलवार को एशियाई खेलों में सीधे प्रवेश देने का फैसला किया। दूसरे पहलवानों के लिये ट्रायल 22 और 23 जुलाई को होने हैं। पंघाल और कलकल ने इस फैसले को चुनौती दी है। एडवोकेट रिषिकेश बरूआ और अक्षय कुमार द्वारा दाखिल याचिका में उन्होंने तदर्थ समिति के इस फैसले को रद्द करने की मांग की है। बरूआ ने इस फैसले को कई आधार पर चुनौती दी जिसमें अगस्त 2022 में खिलाड़ियों को चयन ट्रायल से छूट देने का प्रावधान वापिस लेने का भारतीय कुश्ती महासंघ की आमसभा का फैसला भी एक आधार है। तदर्थ समिति के वकील ने हालांकि कहा कि इस तरह का कोई फैसला फाइल में नहीं है। अदालत ने उन्हें इसके पक्ष में हलफनामा जमा करने को कहा। अदालत ने बृहस्पतिवार को डब्ल्यूएफआई का कामकाज देख रही



तदर्थ समिति से फोगाट और पूनिया को चयन ट्रायल से छूट देने के कारण बताने को कहा था।

# भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग अभियान की शुरूआत करेंगी भारतीय हॉकी टीमें



नई दिल्ली । भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2023-2024 सत्र के अपने अभियान का आगाज भुवनेश्वर में चीन के खिलाफ करेगी जबकि पुरूष टीम का सामना स्पेन से होगा। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने बृहस्पतिवार को पांचवें प्रो लीग के कार्यक्रम की घोषणा की। भारतीय खिलाड़ियों का मानना है कि इस टूर्नामेंट से उन्हें पेरिस ओलंपिक की तैयारी में मदद मिलेगी। दोनों टीमें अपने अभियान की शुरूआत भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम और राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम पर करेंगी। एफआईएच नेशंस लीग चैम्पियन भारतीय महिला टीम छह फरवरी को चीन के खिलाफ भुवनेश्वर में खेलेगी। इसके बाद उसे नीदरलैंड, आस्ट्रेलिया और अमेरिका से खेलना है। राउरकेला में उसका सामना चीन, नीदरलैंड, आस्ट्रेलिया और अमेरिका से फिर होगा। घरेलू मैचों के बाद भारतीय महिला टीम बेल्जियम और ब्रिटेन में अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन का सामना करेगी। वहीं पुरूष टीम 10 फरवरी को कलिंगा स्टेडियम पर पहले मैच में स्पेन से खेलेगी। पिछले सत्र में भारत चौथे स्थान पर रहा था और इस बार नजरें पोडियम पर रहेंगी। भारत घरेलू मैचों में स्पेन, नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड से खेलने के बाद बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन में अर्जेंटीना और बेल्जियम से खेलेगा।

# घरेलू प्रणाली और टीम के अच्छे माहौल के कारण आते ही बेहतर प्रदर्शन कर रहे युवा खिलाड़ी: द्रविड़

**पोर्ट ऑफ स्पेन (एजेंसी)।** (ईएमएस)। टीम इंडिया के मुख्य कोच ने कहा है कि आजकल युवा खिलाड़ी टीम में आते ही बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं जो एक अच्छा संकेत है। राहुल ने कहा कि ये बदलाव मजबूत घरेलू ढ़ांचे और टीम में बेहतर माहौल के कारण आया है। द्रविड़ ने ये बात शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल जैसे खिलाड़ियों को देखकर दी है। शुभमन और यशस्वी ने टीम में आने के साथ ही अच्छा प्रदर्शन किया है।

द्रविड़ ने पर कहा, 'यह घरेलू प्रणाली के कारण संभव हुआहै। यह टीम के आस-पास के माहौल के करण संभव हुआ है कि अब युवा खिलाड़ी आते ही अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'विशेषकर बल्लेबाजी विभाग में इस तरह के खिलाड़ियों को तैयार करने का बहुत कुछ श्रेय



घरेलू प्रणाली को जाता है। इसके अलावा टीम के अंदर के सहज माहौल भी युवा खिलाड़ी को अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में सहायता करता है।

उन्होंने कहा, 'कई युवा खिलाड़ी हैं जो एकदिवसीय और टी-20 में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसलिए निश्चित तौर पर श्रेय घरेलू प्रणाली, राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी और उन कई लोगों को जाता है जिन्होंने हमारे लिए इसे संभव बनाया। द्रविड़ ने इसके साथ ही युवा खिलाड़ियों को सावधान करते हुए कहा कि उन्हें आगे कठिन परिक्षाओं का भी सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा, 'मैं जानता हूं कि यशस्वी और शुभमन जैसे खिलाड़ियों को आगे कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। मेरा मानना है कि आज के दौर में जब युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करने लग जाते हैं और लोग उन्हें जानने लग जाते हैं तो फिर विरोधी टीम उनके लिए रणनीति तैयार करने लग जाती हैं। इसलिए खिलाड़ियों को इसके लिए भी तैयार रहना होगा।

# लियोनेल मेसी इंटर मियामी में 22 जुलाई को करेंगे डेब्यू

अमेरिका में फुटबॉल का काफी क्रेज देखने को मिलता है। वहीं अब अमेरिकी फुटबॉल क्लब के साथ दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी और अर्जेंटीना की टीम को विश्व विजेता का खिताब दिलाने वाले लियोनेल मेसी जुड़ गए है। लियोनेल मेसी के अमेरिकी फुटबॉल क्लब इंटर मियामी के साथ जुड़ने के बाद निसंदेह अमेरीकी फुटबॉल क्लब को भी मजबूती मिलेगी। दिग्गजों का कहना है कि मेसी के पहले और मेसी के बाद अमेरिका में फुटबॉल की बात की जाती रहेगी। इंटर मियामी के सह मालिक जॉर्ज मास ने ये बात कही है। उन्होंने मेसी के इंटर मियामी के लिए 22 जुलाई को पदार्पण मुकाबले से पहले ये बात कही है। बता दें कि पिछले महीने अमेरिका की मेजर लीग सॉकर के लिए लियोनेल मेसी को साइन किया गया था। इस लीग में हिस्सा ले रहे क्लब इंटर मियामी की सह मालिक जॉर्ज मास, जोस मास और डेविड बेकहम भी है। बता दें कि 22 जुलाई को सुबह 5.30 बजे मियामी लीग कप में फ्लोरिडा के डीआरवी पीएनके स्टेडियम में मेक्सीकन क्लब के खिलाफ पहला मुकाबला खेला जाएगा। यह पिछले रविवार को मेसी के औपचारिक अनावरण के बाद आया है। इस मौके पर सात बार के बैलन डी'ओर विजेता लियोनेल मेसी को प्रत्यक्ष रूप से देखने के लिए मियामी के घरेलू मैदान में 20,000 से अधिक लोग जमा हुए थे। मियामी में लियोनेल मेसी को गेरार्डो 'टाटा' मार्टिनो द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी। इससे पहले दोनों 2013-14 के उथल-पुथल भरे सीज़न के दौरान बार्सिलोना में साथ काम किया था। वर्ष 2014 और 2016 के बीच अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम के लिए भी दोनों साथ आ चुके है।


# ऋषभ ने विडियो शेयर कर कहा, वापसी के लिए जमकर मेहनत करेंगे

**बेंगलूर (एजेंसी)।** टीम इंडिया के आक्रामक विकेटीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत आजकल यहां राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रहैब के दौर से गुजर रहे हैं। ऋषभ कार हादसे से उबरने के बाद अब तेजी से ठीक हो रहे हैं। इस क्रिकेटर ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह वेटलिफ्टिंग करते देख रहे हैं।

ऋषभ ने इस वीडियो को शेयर करने के साथ दो लाइन का संदेश भी साझा किया है। इसमें उन्होंने लिखा, आपको वह मिलता है जिसके लिए आप काम करते हैं, वह नहीं जो आप चाहते हैं। इस प्रकार उन्होंने अपने वापसी के मजबूत इरादे जताये हैं। इसमें उन्होंने बताया है कि वह वापसी के लिए जमकर मेहनत करेंगे। एक मिनट के इस वीडियो में वह अपने चोटिल पैर पर खड़े होने का प्रयास कर रहे थे हालांकि उनक अब एकदिवसीय विश्वकप खेलने की संभावनाएं नहीं हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के भी एक अधिकारी ने कहा कि ऋषभ विश्वकप तक फिट नहीं हो सकते। साथ ही कहा कि उन्हें विकेटकीपिंग भूमिका में वापस आने के लिए अभी समय लगेगा।

ऋषभ के घुटने की फरवरी में ही लिगामेंट कंस्ट्रक्शन सर्जरी हुई थी। उनके दाएं घुटने के तीनों लिगामेंट को सर्जरी की जरूरत थी। इसी कारण पक्के तौर पर उनकी वापसी को लेकर कुछ नहीं कहा जा सकता है। अभी बीसीसीआई की मेडिकल टीम ऋषभ को फिट होने के लिए ज्यादा से ज्यादा समय देना चाहती है। ऐसी भी संभावना है कि वह टीम इंडिया में वापसी से पहले घरेलू क्रिकेट खेलें। उनके दिसंबर तक भी फिट होने की उम्मीदें कम है। वह अगले साल फरवरी-मार्च तक फिट हो सकते हैं. उनकी गैरहाजिरी में टीम इंडिया टेस्ट में युवा ईशान किशन और केएस भरत जबकि एकदिवसीय में संजू सैमसन और केएल राहुल को उतार रही है।





# सालार: पार्ट 1 सीजफायर टीजर लॉन्च के बाद दर्शकों का उत्साह बढ़ा

अपकमिंग पैन इंडिया सालार- पार्ट 1 सीजफायर वाली सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में सुपरस्टार प्रभास ने प्रमुख भूमिका निभाई है। फिल्म का टीजर लॉन्च के बाद से ही दर्शकों और फैन्स की एक्साइटमेंट कई गुना और बढ़ गई है। ऐसे में अब सभी बस फिल्म के सिनेमाघरों में लगने का इंतजार कर रहें है। वहीं ये फिल्म लगातार सुर्खियों में भी है, और फिल्म को लेकर आई लेटेस्ट अपडेट की माने तो फिल्म ने एक नया बेंचमार्क सेट किया है और नॉर्थ अमेरिका में 1979 से ज्यादा जगहों और 5,000 से अधिक विदेशी लोकेशन्स में पहली बार स्क्रीनिंग हासिल की है।इसके साथ ही सालार- पार्ट 1 - सीजफायर ने रिलीज से काफी पहले ही रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराना शुरू कर दिया है। मुश्किलों को पार करते हुए और नए बेंचमार्क सेट करते हुए, यह फिल्म 27 सितंबर 2023 को यूएसए में रिलीज होगी, जो पहले कभी किसी भारतीय फिल्म के साथ नहीं हुआ है। कह सकते है यह सब फिल्म को लेकर हो रही जबरदस्त चर्चा का ही नतीजा है कि फिल्म को विदेशों में बड़े पैमाने पर रिलीज मिल रही है। यह वास्तव में दर्शाता है कि दुनिया भर के डिस्ट्रीब्यूटर्स को फिल्म पर पूरा भरोसा है। ऐसे में बड़ी ग्लबोल रिलीज फिल्म की मांग और विदेशी बाजार में चर्चा को दर्शाता है, जो वास्तव में फिल्म की ग्लोबल पहुंच का फायदा उठाता है। इस खबर की घोषणा प्रत्यंगिरा सिनेमाज द्वारा की गई, जो बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म की ओवरसीज रिलीज को देख रहा है। डिस्ट्रीब्यूटर्स ने अपने सोशल मीडिया पर कैप्शन दिया हमारी तरफ से बॉक्स ऑफिस बुलडोजर को ग्रैंड सैल्यूट.... उस आदमी के जन्मदिन साल को उन जगहों के साथ चिह्नित करते हुए जिन्हें हम नॉर्थ अमेरिका में रिलीज़ कर रहे हैं। प्रभास 1979 लोकेशन्स - किसी भी भारतीय फिल्म के लिए ऑल टाइम रिकॉर्ड रिलीज़।सालार- पार्ट 1 - सीज़फ़ायर को प्रमुख प्रोडक्शन हाउस होम्बले फिल्म्स द्वारा काफी बड़े बजट में बनाया गया है और इसका निर्देशन प्रशांत नील ने किया हैं।



# 25 अगस्त को प्रदर्शित होगी आयुष्मान की ड्रीम गर्ल-2

आयुष्मान के करियर की सबसे बड़ी हिट कॉमिक सेपर ड्रीम गर्ल थी। इसने बॉक्स ऑफिस पर 142.26 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की थी। यह आयुष्मान के करियर की सबसे बड़ी हिट भी है।

इसलिए, जब सीक्वल की घोषणा की गई, तो इससे उद्योग जगत और प्रशंसकों में काफी उत्साह फैल गया। निर्माताओं ने शाहरुख खान की पठान और सलमान खान की किसी का भाई किसी की जान की रिलीज के आसपास विचित्र प्रोमो जारी किए और इसे खूब सराहा गया। सिने गलियारों में बहती बरसाती हवाओं का कहना है कि हाल ही में इस फिल्म को 12 दिन तक लगातार रीशूट किया गया है। बॉलीवुड हंगामा के अनुसार हाल ही में फिल्म का त्वरित रीशूट हुआ है। एक सूत्र ने बॉलीवुड हंगामा को बताया, 'निर्देशक राज शांडिल्य और निर्माता एकता कपूर ने फिल्म का पहला कट देखा। वे फिल्म से खुश थे लेकिन उन्हें लगा कि इसमें सुधार की गुंजाइश है। उन्होंने आयुष्मान और अन्य लोगों से बात की और वे सभी दोबारा शूटिंग करने के लिए तुरंत तैयार हो गए। यह कार्यक्रम 12 दिनों तक चला और इस महीने की शुरुआत में हुआ। पुन: शूटिंग शनिवार, 15 जुलाई को मुंबई के मड आइलैंड में पूरी हुई। सूत्र ने आगे कहा, फ्लोकप्रिय धारणाओं के विपरीत, रीशूट बहुत आम बात है और कई फिल्में इसके लिए गई हैं।

हाल ही में, दिल्ली क्राइम का दूसरा सीज़न भी मुख्य शूटिंग पूरी होने के बाद फिर से शूट किया गया, और परिणाम सभी के सामने है। महामारी के बाद, लोग पहले जैसा संपूर्ण मनोरंजन का अनुभव करने के लिए सिनेमाघरों में आना चाहते हैं। इसलिए, निर्माताओं को लगा कि उन्हें अतिरिक्त प्रयास करना चाहिए क्योंकि यह इसके लायक होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या फिल्म 25 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो पाएगी, सूत्र ने जवाब दिया, रिलीज की तारीख में कोई बदलाव नहीं हुआ है। राज शांडिल्य ने पहले ही रीशूट दृश्यों पर काम करना शुरू कर दिया है और उन्हें विश्वास है कि फिल्म अपने तय समय पर ही प्रदर्शित होगी।



# आलिया निभा रही इंटेलेक्चुअल बंगाली जर्नलिस्ट का किरदार

बालीवुड की रोमांटिक ड्रामा रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में आलिया, जो एक इंटेलेक्चुअल बंगाली जर्नलिस्ट रानी चटर्जी का किरदार निभा रही हैं, ने जवाब देते हुए कहा- रणवीर और करण का जो एप्रिसिएशन है, वह मैंने कहीं और नहीं देखा। करण और मैं फ्लो के साथ चलना चाहते हैं। हमने तो बस मजे किये। रणवीर के पास 51 वर्षीय फिल्ममेकर के बारे में शेयर करने के लिए कुछ मजेदार बातें थी। उन्होंने कहा, करण या मेरे अंदर ऐसा मर्द है जिनके अंदर दिल्ली की आंटी है। तेजतर्रार पंजाबी लड़के रॉकी रंधावा का किरदार निभा रहे रणवीर ने कहा, हम कपड़ों, ब्रांड के बारे में बात करते हैं।

करण जन्म से ही एंटरटेनर हैं। मैं अभी उठा और सेट पर जाने के लिए उत्सुक था। यह एक तरह का दोस्तों का गेट टुगेदर था। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म में आलिया-रणवीर शादी करने से पहले एक-दूसरे के परिवारों के साथ रहने का फैसला करते हैं। फिल्म की शूटिंग मुंबई, नई दिल्ली, रूस और जम्मू-कश्मीर में की गई है।

जोया अख्तर द्वारा निर्देशित 2019 की फिल्म गली बॉय के बाद इस फिल्म में आलिया और रणवीर एक बार फिर स्क्रीन स्पेस शेयर करते नजर आएंगे। हीरू यश जौहर, करण जौहर और अपूर्व मेहता द्वारा निर्मित यह फिल्म 28 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। बता दें कि रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में के गाने वे कमलिया के लॉन्च पर मुख्य जोड़ी रणवीर सिंह और आलिया भट्ट ने निर्देशक करण जौहर के साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की। लॉन्च के दौरान दोनों से करण के साथ उनके रिश्ते के बारे में पूछा गया।



# कंगना रनौत ने रणबीर कपूर और आलिया की शादी को झूठा करार दिया

कंगना रनोट बॉलीवुड की वो बिंदास एक्ट्रेस हैं, जो अपनी बात कहने से बिल्कुल भी नहीं कतराती हैं। हाल ही में कंगना रनोट ने एक ऐसा ही पोस्ट शेयर किया, जिसे देखकर हर कोई हैरान रह गया। कंगना ने इंडायरेक्टली रणबरी कपूर और आ?लिया भट्ट की शादी को फेंक बताया है। अपने इस हालिया पोस्ट में एक्ट्रेस ने एक कपल की शादी पर निशाना साधते हुए उन्हें फर्जी बताया है। इतना ही नहीं एक्ट्रेस ने ये भी लिखा कि एक्टर उनसे मिलने की भीख मांग रहा था। कंगना रनोट ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक स्टोरी शेयर की। इस पोस्ट में उन्होंने एक कपल को फर्जी बताया और उनकी शादी के बारे में खुलासा किया। कंगना ने अपनी स्टोरी में जो बातें लिखी हैं उससे सोशल मीडिया पर ये अंदाजा लगाया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने इस पोस्ट के जरिये रणबीर कपूर और आलिया भट्ट पर इनडायरेक्टली निशाना साधा है। कंगना ने अपनी इंस्टा स्टोरी शेयर करते हुए लिखा, फर्जी(फेक) हसबैंड और वाइफ की जोड़ी(कपल) की एक और न्यूज, जो अलग-अलग फ्लोर पर रहते हैं और ऐसे दिखाते हैं जैसे वह कपल हो। हालांकि, अपनी इस पोस्ट में कंगना ने कहीं भी उन दोनों का नाम मेंशन नहीं किया है। कंगना ने अपनी पोस्ट में आगे लिखा, ये कपल फिल्म घोषणाओं के बारे में फेक न्यूज फैलाते हैं, जो कि बनी भी नहीं है। मिंत्रा को खुद का ब्रांड बताते हैं। इसके अलावा किसी ने भी ये नहीं लिखा कि कैसे पत्नी और बेटी को हालिया फैमिली ट्रिप में नजरअंदाज किया गया। जबकि, तथाकथित पति मुझे टेक्स्ट कर रहा था और मिलने की गुजारिश कर रहा था। इस फर्जी जोड़ी को बेनकाब करने की जरूरत है। आपको बता दें कि कुछ दिनों पहले रणबीर कपूर लंदन में अपनी मां नीतू कपूर की बर्थडे पार्टी में शामिल हुए थे, जबकि आलिया भट्ट इंडिया में बेटी के साथ थी। कंगना यहीं पर नहीं रुकीं उन्होंने एक और स्टोरी शेयर करते हुए लिखा, ऐसा ही होता है जब आप मूवी प्रमोशन, पैसे और काम के लिए शादी करते हैं। कंगना रनोट ने अपनी पोस्ट में आगे लिखा, इस एक्टर ने माफिया डैडी के प्रेशर में आकर शादी की। उससे ये प्रॉमिस किया गया था कि पापा की परी से शादी करने पर उसे ट्रायोलॉजी रिटर्न में मिलेगी।

# जीनत अमान ने रेखा संग अपनी तस्वीर पोस्ट की

अभिनेत्री जीनत अमान ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने प्रशंसकों को आश्चर्यचकित कर दिया। उन्होंने रेखा के साथ पुरानी तस्वीर साझाकर अपने प्रशंसकों से कहा कि हम दोनों में काफी गहरा रिश्ता है। ज़ीनत ने रेखा को ऐसा दोस्त बताया जिसके साथ वहां घंटों चैट कर सकती हैं। तस्वीर में रेखा को जीनत की बाहों में बाहें डाले और अपना चेहरा छिपाते हुए देखा जा सकता है। जहां जीनत अच्छी ड्रेस में सुंदर लग



रही हैं, वहीं रेखा साड़ी में खूबसूरत दिख रही हैं। अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, सालों तक हमारी कोई बातचीत नहीं होती, फिर हम एक दिन टकराएंगे और बिना किसी हिचकिचाहट के जीवन के अपडेट साझा करने में बिताएंगे। किसी और के पास ऐसा कोई दोस्त है? हालांकि जीतन ने कहा कि उन्हें स्पष्ट रूप से याद नहीं है कि तस्वीर कब की है और उन्होंने अपने प्रशंसकों से कहा कि यदि उन्हें याद हो तब उनकी मदद करें। उन्होंने लिखा, मैं जीवन भर यह याद नहीं कर पाऊंगी कि यह तस्वीर कहां ली गई थी, लेकिन मैं इस आपमें से किसी के सामने नहीं रखूंगी! यदि आप ऐसा करते हैं, तब कृपया मुझे बताएं। जीनत अमान और रेखा के प्रशंसक तस्वीर देखकर बहुत खुश हुए और अभिनेत्री को उनकी यादें ताजा करने में मदद करने की कोशिश करने लगे। इस बीच, जीनत को आखिरी बार आशुतोष गोवारिकर की पानीपत में देखा गया था। अब वह शोस्टॉपर नाम की वेब सीरीज के साथ अपना ओटीटी डेब्यू करने के लिए तैयार हैं।